दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-22 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 26 फरवरी 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बर्फबारी जारी, मध्यप्रदेश में आंधी-बारिश से फसलों पर पड़ा असर

**-राजस्थान में तापमान 36डिग्री से ऊपर मार्च के शुरुआत में हीटवेव की चेतावनी**



नई दिल्ली,(ए.)। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 और 28 फरवरी से मौसम बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा। मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार को मौसम साफ रहेगा, लेकिन मार्च की शुरुआत में बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में गर्मी शुरू हो गई है और दिन का अधिकतम तापमान अब 36डिग्री से ऊपर चला गया। बाड़मेर में मंगलवार को दिन का टेंपरेचर 36.3डिग्री रहा। अधिकांश इलाकों में न्यूनतम-अधिकतम सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर चला गया। मौसम विभाग ने राज्य में मार्च के शुरुआत में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान पारा 40डिग्री तक जा सकता है।

वहीं सिक्किम के ऊंचे इलाकों में मंगलवार को 15वीं माइल और त्सोमगो झील के पास भारी बर्फबारी हुई। इससे सड़कें जाम हो गईं। यहां 541 टूरिस्ट गाड़ियां फंस गईं। अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम पुलिस, ड्राइवर एसोसिएशन की मदद से सभी गाड़ियों और टूरिस्ट्स को सुरक्षित निकाला गया है। दिल्ली के एनसीआर में मौसम अब करवट ले रहा है। आईएमडी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। हालांकि दिन के समय तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। इसके बावजूद एक्यूआई एक बार फिर गंभीर से अति गंभीर श्रेणी की ओर बढ़ता नजर आ रहा है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। 25 और 26 फरवरी को दिन के समय तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। 27 फरवरी को हल्की धुंध रहने का पूर्वानुमान है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

दिल्ली के विभिन्न मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। आनंद विहार में एक्यूआई 342 दर्ज किया गया, जो अति गंभीर श्रेणी में है।

## 45 साल से पारिवारिक पेंशन के लिए महिला लगा रही चक्कर, कोर्ट ने अफसरों को लगाई फटकार

प्रयागराज,(ए.)। एक महिला के परिवारिक पेंशन के लिए 45 साल तक दफ्तरों के चक्कर लगाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए कानपुर नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने एक सप्ताह में इस मामले का निराकरण करने का आदेश दिया है। याची मंजू राय की ओर से दाखिल याचिका की सुनवाई जस्टिस विक्रम डी चौहान की सिंगल बेंच में हुई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दरअसल याचिकाकर्ता महिला के पिता नगर निगम में कर्मचारी थे। वह वर्ष 1975 में सेवानिवृत्त हुए और 1980 में उनका निधन हो गया। सेवाकाल और सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें नियमित पेंशन मिलती रही, लेकिन उनकी मृत्यु के बाद जब परिवार ने पारिवारिक पेंशन के लिए प्रार्थना पत्र दिया तो विभाग ने फाइलों में अड़ंगा लगा दिया।

## त्सोमगो झील के पास फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया



गंगटोक,(ए.)। पूर्वी सिक्किम में मौजूद त्सोमगो झील (चांगू झील) के पास भारी बर्फबारी के कारण फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि शेराथांग और आसपास के ऊंचाई वाले इलाकों में तेज हिमपात से सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हुई थीं। हालात इतने खराब थे कि '15वें मील' से त्सोमगो झील के बीच का संपर्क कट गया और कुल 541 पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गए।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन वाहनों में सवार 2,736 पर्यटक कठिन परिस्थितियों में फंसे हुए थे। शून्य से नीचे तापमान (सब-ज़ीरो) और कम दृश्यता के बीच राहत एवं बचाव दलों ने समन्वित अभियान चलाया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार देर रात तक जारी रहा। प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से सभी वाहनों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और सभी पर्यटकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। बर्फबारी इतनी तीव्र थी कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया था। कई स्थानों पर बर्फ की मोटी परत जमने से वाहन फिसल रहे थे और यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। ऐसे में राहत दलों ने प्राथमिकता के आधार पर पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का काम किया। घटना के बाद सिक्किम पर्यटन विभाग ने पर्यटकों और टूर ऑपरेटरों के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने कहा है कि यात्रा से पहले मौसम विभाग के अलर्ट अवश्य जांचें। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में टायरों पर 'स्नो चेन' का उपयोग अनिवार्य रूप से करें ताकि वाहन फिसलने से बचें। साथ ही, वाहनों में पर्याप्त भोजन, गर्म कपड़े और आपातकालीन किट रखना जरूरी है। यह घटना पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम की अनिश्चितता और सावधानी की अहमियत को रेखांकित करती है।

## प्रेमी जोड़े ने किया सुसाइड, पेड़ पर फंदे से लटके मिले दोनों के शव

शिवपुरी (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के कोलारस थाना क्षेत्र में आज एक हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। रेलवे पटरी के पास एक पेड़ पर युवक और युवती के शव लटके मिले। मृतकों की पहचान जितेंद्र धाकड़ और सोनम आदिवासी के रूप में हुई है।



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच प्रेम संबंध चल रहे थे। बताया जा रहा है कि सोनम नाबालिग होने के कारण जितेंद्र पहले भी इस संबंध से जुड़े मामले में जेल जा चुका था। हाल ही में वह जेल से रिहा होकर लौटा था। मृतिका सोनम वर्तमान में कोलारस के पास गुगवारा में अपने नाना के घर रह रही थी।

पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच यह पता लगाने में लगी है कि जेल से रिहाई के बाद दोनों के बीच क्या परिस्थितियां बनीं, और क्या यह मामला आत्महत्या है या किसी अन्य वजह से जुड़ा है।

यह घटना न केवल स्थानीय लोगों बल्कि पूरे राज्य और देश में चर्चा का विषय बनी हुई है, और इसे प्रेम विवादों और नाबालिग मामलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से देखा जा रहा है।

## हर किसान के खेत तक पहुंचेगा सिंचाई के लिए पानी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**>>> सूखे खेतों में पानी पहुँचने पर मिट्टी उगलती है सोना**

**>>> सिंचाई के 100 हैक्टेयर रकबे के लक्ष्य को जल्द करेंगे हासिल**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों के सूखे खेतों में जब सिंचाई का पानी पहुंचता है तो मिट्टी सोना उगलती है। किसान कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए उनके खेतों में सिंचाई की भरपूर व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे वर्ष भर फसलें ले सकें। सिंचाई का रकबा बढ़ाने और हर खेत किसान के खेत तक पानी पहुंचाने के लिये मध्यप्रदेश के बजट 2026-27 में जल प्रदाय योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये है। प्रदेश में सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचित रकबे में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। शीघ्र ही प्रदेश में सिंचाई के रकबे को 100 लाख हैक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में जल प्रदाय योजनाओं के लिये जो प्रावधान किये गये हैं, उनमें मुख्य रूप से नर्मदा घाटी विकास के अंतर्गत एन.वी.डी.ए. के सभी बिजली बिलों के लिए 689 करोड़ रुपये, सेंधवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना में 500 करोड़ रुपये, सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना में 400 करोड़ रुपये, आई.एस.पी. कालीसिंध उद्वहन माइक्रो सिंचाई योजना फेस-2 में 400 करोड़ रुपये, बरगी नहर व्यपवर्तन योजना में 399 करोड़ रुपये, चिंकी बोरास बैराज संयुक्त बहुउद्देशीय माइक्रो सिंचाई परियोजना में 350 करोड़ रुपये, सरदार सरोवर के डूब प्रभावित क्षेत्र का भू-अर्जन तथा अन्य कार्यों पर खर्च के लिये 308 करोड़ रुपये, एन. बी. कम्पनी लिमिटेड का निवेश में 303 करोड़ रुपये, खण्डवा उद्वहम माइक्रो सिंचाई योजना में 300 करोड़ रुपये, नर्मदा (आई.एस.पी.) पार्वती लिंक परियोजना फेस 3 एवं 4 में 300 करोड़ रुपये, शहीद इलाप सिंह माइक्रो सिंचाई योजना में 300 करोड़ रुपये, महेश्वर-जानापाव (लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर) उद्वहन सिंचाई योजना में 200 करोड़ रुपये, निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना में 200 करोड़ रुपये।

## एनसीपी ने सुनेत्रा को बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार किया घोषित

**-अजित पवार के निधन के बाद खाली हुई है सीट, राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बनाने की तैयारी**



मुंबई,(ए.)। महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने दिवंगत नेता और पूर्व डिप्टी सीएम अजीत पवार के निधन के बाद खाली हुए नेतृत्व के शून्य को भरने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को पार्टी की अहम बैठक में सुनेत्रा पवार को बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया, साथ ही उन्हें पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की तैयारी भी पूरी कर ली गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बारामती विधानसभा सीट सुनेत्रा के पति और महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की 28 जनवरी को एक विमान हादसे में अचानक मौत के बाद खाली हुई है। 2024 के विधानसभा चुनावों में, अजित पवार ने अपने भतीजे और एनसीपी (एसपी) कैंडिडेट युगेंद्र पवार पर 1,00,899 वोटों से हराकर यह सीटी जीती थी।

बैठक में पार्टी लीडरशिप ने पार्थ पवार के राज्यसभा के लिए नॉमिनेशन को भी फाइनल किया गया।

## रोहित पवार ने अजित पवार के प्लेन क्रैश से जुड़ी फर्म को बचाने का लगाया आरोप

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार के विमान हादसे को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय पर गंभीर आरोप लगाए। उनका दावा है कि 28 जनवरी को हुई घातक विमान हादसे में शामिल कंपनी वीएसआर को बचाने की कोशिश की गई। मुंबई स्थित विधान भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए रोहित पवार ने जांच प्रक्रिया में टाइम लिमिट और रिपोर्टों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हादसे के दिन जब अजित पवार का शव अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए रखा था, उसी समय दोपहर 1:36 बजे डीजीसीए ने शुरुआती रिपोर्ट जारी कर दी।

## पीएम विकसित भारत रोजगार योजना: मार्च अंत तक आएगी पहली किस्त; लाभार्थियों के लिए आधार फेस ऑथेंटिकेशन और डीबीटी अनिवार्य

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के लाभार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। भारत सरकार ने इस योजना के अंतर्गत सहायता राशि की प्रथम किस्त मार्च महीने के अंत तक जारी करने की तैयारी में है। हालांकि, इस लाभ को प्राप्त करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और संबंधित विभागों ने सदस्यों एवं प्रतिष्ठानों के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन न करने पर लाभार्थी राशि से वंचित रह सकते हैं।

योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक नए जुड़ने वाले और प्रथम बार सदस्य बनने वाले व्यक्तियों के लिए सार्वभौमिक खाता संख्या (UAN) का चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक (Face Authentication Technology) के माध्यम से सत्यापन कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना इस डिजिटल सत्यापन के योजना का लाभ प्रदान नहीं किया जाएगा। यदि किसी सदस्य को इस तकनीकी प्रक्रिया में कोई कठिनाई आती है, तो उन्हें तुरंत अपने संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होकर सहायता प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

योजना की राशि का प्रेषण सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए सदस्यों का बैंक खाता इस सुविधा हेतु सक्षम होना अनिवार्य है।

## देश में न सिर्फ हथियार और सैन्य उपकरण बनें, बल्कि निर्यात भी किए जाएं : राजनाथ सिंह



नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार का स्पष्ट मानना है कि भारत का अपना रक्षा उद्योग और मजबूत होना चाहिए। जरूरत से ज्यादा हथियार और सैन्य उपकरण देश में ही बनें। यही नहीं, सैन्य उपकरण व हथियार दूसरे देशों को निर्यात भी किए जाएं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के नए अधिकारियों से मुलाकात में कहा कि यह सब 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत किया जा रहा है। रक्षा मंत्री बुधवार को साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में आईएफएस-2025 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात कर रहे थे, जहां उन्होंने उनसे खुलकर बातचीत की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भारत का स्वदेशी रक्षा उद्योग इतना मजबूत बने कि देश की जरूरतें भी यहीं पूरी हों और दुनिया के दूसरे देशों को भी भारतीय रक्षा उपकरण निर्यात किए जाएं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय था जब भारत दुनिया के बड़े रक्षा आयातकों में गिना जाता था। लेकिन अब स्थिति बदल रही है। सरकार ने नई तकनीकों को अपनाने, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र को साथ लेकर चलने और स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। आज भारत जमीन, समुद्र, आकाश और अंतरिक्ष जैसे सभी क्षेत्रों में अपने प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है। कई देशों को भारत से रक्षा उपकरण मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह बदलाव रातों-रात नहीं आया, बल्कि लगातार नीति सुधार और तकनीकी विकास का नतीजा है। राजनाथ सिंह ने प्रशिक्षु अधिकारियों को समझाया कि विदेशों में तैनात भारतीय राजनयिक सिर्फ राजनीतिक या आर्थिक संबंध नहीं संभालते, बल्कि रक्षा सहयोग और निर्यात के रास्ते भी खोलते हैं। जब भारत किसी देश के साथ रक्षा समझौता करता है या सैन्य उपकरण बेचता है, तो उसमें दूतावासों और राजनयिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## पीएम मोदी की इजराइल यात्रा पर भड़की कांग्रेस, सांसद प्रियंका ने जमकर साधा निशाना



नई दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय इजराइल यात्रा को लेकर देश में राजनीतिक पारा गरमा गया है। बुधवार को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस दौरे पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री पर जोरदार हमला बोला। विपक्षी दल का कहना है कि एक ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों और गाजा में सैन्य कार्रवाई की आलोचना हो रही है, पीएम मोदी का उन्हें गले लगाना भारत की स्थापित विदेश नीति और नैतिकता के खिलाफ है। कांग्रेस ने इस मुलाकात को नैतिक कायरता करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत सरकार ने फिलिस्तीनी नागरिकों को उनके हाल पर छोड़ दिया है।




## एनसीआरटी बुक के चैप्टर को लेकर भड़के सीजेआई, बोले- किसी को भी न्यायापालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे, हम..

नई दिल्ली (आरएनएस)। एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार के बारे में अध्याय रखे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जल्दी सुनवाई का आश्वासन दिया है. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, मैंने मामले पर संज्ञान लिया है. किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी. जल्द ही मामले की सुनवाई होगी.

चीफ जस्टिस ने आज यह जानकारी तब दी जब सीनयर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले को उनके सामने उठाया. सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, पूरे देश में वकील और जज इस बात को लेकर चिंतित हैं. न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में मैं अपनी भूमिका निभाऊंगा.



कोर्ट ने नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग की क्लास-8 की सोशल साइंस की बुक के चैप्टर का कड़ा विरोध किया है, इस चैप्टर में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का जिक्र है. जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने इसे संविधान की मूल संरचना पर हमला बताया है.

**एनसीआरटी की क्लास-8 की नई किताब में क्या है?**

आठवीं कक्षा के लिए एनसीईआरटी की सोशल साइंस की नई बुक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और जजों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं. न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले चैप्टर में कहा गया है कि जज एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न सिर्फ कोर्ट में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है. हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका टाइटल वाले चैप्टर में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है.

इस बुक के पुराने संस्करण में मुख्य रूप से कोर्ट्स की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था. नए चैप्टर में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है. ।

## शेख हसीना की दहाड़ कहा- जल्द बांग्लादेश लौटेंगे और सड़कों पर संघर्ष भी करेंगे



नई दिल्ली(ए.)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने महीनों की खामोशी के बाद एक ऐसा कदम उठाया है जिसने ढाका के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जुलाई 2024 के तख्तापलट और हिंसक विद्रोह के बाद भारत में शरण लेने वाली शेख हसीना ने अब अपने वतन लौटने की तैयारी का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दिल्ली से अपनी पार्टी, आवामी लीग के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मानसिक और शारीरिक रूप से संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा, बोरिया-बिस्तर बांध लो, अब देश लौटने और मैदान में उतरने का वक्त आ गया है। शेख हसीना का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज किए हैं और उनकी पार्टी पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। दिल्ली में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान हसीना ने न केवल अपनी वापसी का संकल्प दोहराया, बल्कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की वैधता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए।

# आजीविका मिशन की दीदियाँ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को कर रही हैं सशक्त : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**5 लाख स्व-सहायता समूहों से सशक्त हुईं 65 लाख दीदियाँ, 12 लाख दीदियाँ बनीं लखपति दीदियों ने किया एक वर्ष में 310 करोड़ रूपए का व्यापार**




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियाँ एकता की शक्ति का सजीव उदाहरण है। बहनों द्वारा एकजुटता से किए जा रहे प्रयास 'बंद मुट्ठी लाख की' के भाव को चरितार्थ करते हुए देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। बहनें आज ट्रैक्टर से लेकर ड्रोन तक चलाने के साथ गैस और पेट्रोल रिफिलिंग जैसे कार्य भी कर रही हैं। कैफे संचालन से लेकर मार्केट का टारगेट पूरा करने में अव्वल बहनें अचार, पापड़ निर्माण सहित कई छोटे उद्योगों से बेहतर कमाई कर रही हैं। भारतीय संस्कृति में मातृ सत्ता का विशेष महत्व है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की बहनें सशक्त हो रही हैं। प्रदेश के 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 65 लाख से अधिक दीदियां जुड़कर सशक्त हुई हैं। इनमें से 12 लाख से अधिक दीदियां लखपति दीदी बन चुकी हैं। राज्य सरकार प्रदेश की बहनों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूहों ने एक वर्ष में विभिन्न कंपनी और मेलों के माध्यम से 310 करोड़ रुपए का व्यापार किया है। मध्यप्रदेश, देश का सर्वाधिक प्राकृतिक खेती वाला राज्य है। हमारे स्व-सहायता समूहों की 50 हजार बहनें प्राकृतिक खेती में जुटी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में महिला बाल विकास विभाग में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। साथ ही बजट का कुल 34 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण विकास पर खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्वसहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ कर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल और पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित थीं।




राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मऊगंज जिले के ग्राम सलैया खास में धरती आबा जनजातीय ग्राम में विभिन्न योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

## भोपाल जिले की पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला संपन्न

भोपालझ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल द्वारा भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

भोपाल नगर के जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने कहा कि कार्यशालाओं का मूल उद्देश्य संगठनात्मक सशक्तिकरण, विचारधारा की गहन समझ तथा कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण को नई दिशा प्रदान करना है। कोई भी संगठन केवल पदों और संरचना से मजबूत नहीं होता, बल्कि उसके पीछे कार्यरत प्रशिक्षित, अनुशासित और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ता ही उसकी वास्तविक ताकत होते हैं। भारतीय जनता पार्टी का संगठन व्यक्ति निष्ठ नहीं, बल्कि विचारनिष्ठ है। हमारे लिए राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प है। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की मूल विचारधारा, इतिहास, नीतियों और कार्यपद्धति को गहराई से समझे तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक उसे प्रभावी रूप से पहुंचाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, संवाद कौशल, जनसंपर्क के आधुनिक साधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे समाज के बीच और अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। यति ने बताया कि 7 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल प्रशिक्षण वर्ग एवं 15 अप्रैल से 20 मई तक जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जायेंगे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

भोपाल (आरएनएस)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 114 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, एडीएम सुमित पांडेय, अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाने को लेकर हुए विवाद में लैब संचालक ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल (आरएनएस)। कोलार इलाके में रहने वाले एक लैब संचालक ने मंगलवार देर रात घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले उनका पत्नी से मामूली विवाद हुआ था। नाराज होकर घर से निकले और देर रात घर लौटे, कब उन्होंने खुदकुशी कर ली पत्नी और बच्चों को पता ही नहीं चला। बुधवार तड़के उठी पत्नी ने पति के शव को देखा, जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से बॉडी को उतारा और पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस के मुताबिक पुष्पेंद्र दोरे पिता रामलखन दोरे (40) कोलार रोड गिरधर अपार्टमेंट के रहने वाले थे। एक लैब का संचालन करते थे। उनके दो बेटे हैं और दोनों स्कूली छात्र हैं।

## 10,520 करोड़ की कृषि क्रांति से सिंचाई, तिलहन और प्राकृतिक खेती को मिलेगी नई गति : जयपाल सिंह चावड़ा

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कैबिनेट द्वारा लिए गए अहम, दूरदर्शी और किसान हितैषी फैसलों का हम स्वागत करते हैं। यह निर्णय प्रदेश के किसानों की आय वृद्धि, कृषि विकास और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। मंत्रिपरिषद द्वारा 10,520 करोड़ की कृषि क्रांति से सिंचाई, तिलहन और प्राकृतिक खेती को नई गति मिलेगी। "किसान कल्याण वर्ष" के तहत प्रदेश के किसानों के लिए पांच प्रमुख योजनाओं को स्वीकृति से कृषि क्षेत्र को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस परिणाम सामने आएंगे। चावड़ा ने कहा कि किसान हितैषी यह निर्णय कृषि उत्पादन में वृद्धि, जल संरक्षण, तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक खेती के विस्तार को ध्यान में रखकर लिया गया है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



जयपाल सिंह चावड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु 2,010 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे किसानों को आधुनिक संसाधन एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत लगभग 2,400 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसके तहत स्प्रिंकलर और ड्रिप सिस्टम पर अनुदान देकर सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा दिया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (ऑयल सीड योजना) के लिए 1,793 करोड़ 87 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई, जिससे तिलहन उत्पादन में वृद्धि कर किसानों को बेहतर लाभ दिलाया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत 3,285 करोड़ 49 लाख की स्वीकृति से धान, गेहूं, दलहन, मोटा अनाज एवं नगदी फसलों के रकबे और उत्पादकता में वृद्धि के साथ मिट्टी की उर्वरता सुधार को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के लिए 1011 करोड़ 59 लाख की मंजूरी से प्राकृतिक खेती के क्षेत्र का विस्तार, रसायन-मुक्त उत्पादन और लागत में कमी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों को राहत देते हुए उड़द की खरीदी पर 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने को मंजूरी प्रदान की है। सरसों पर भावांतर योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है, जिससे किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। इस वर्ष प्रदेश में सरसों का उत्पादन लगभग 71 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 28 प्रतिशत अधिक है। खनिज अन्वेषण एवं विकास हेतु भवन निर्माण के लिए 34 करोड़ 2 लाख रूपये की स्वीकृति एवं मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह वृद्धि प्रदेश के कृषि क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत है और किसानों की आय में बढ़ोतरी में सहायक सिद्ध होगी।

## निगम अमले ने 12 हजार रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम द्वारा शहर में साफ-सफाई को उच्च स्तरीय बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वाले तथा प्रदूषण फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में सी.एंड.डी वेस्ट एवं गंदगी फैलाने तथा स्वच्छता के मानकों का पालन न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 36 प्रकरणों में 12 हजार 100 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशों के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने वार्ड क्र. 56, 57, 60, 61, 62, 63, 64, 66 तथा 67 में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने, कचरा पृथक-पृथक न करने, पृथक-पृथक डस्टबिन न रखने तथा प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 36 प्रकरणों में 12 हजार 100 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

## निगम ने सभी 85 वार्डों में आयोजित की ''जल सुनवाई''

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए ''स्वच्छ जल अभियान'' के तहत नगर निगम, भोपाल द्वारा प्रत्येक मंगलवार को समस्त वार्डों में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक जल सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है साथ ही जल परीक्षण एवं लीकेज सुधार आदि संबंधी कार्यवाही भी नियमित रूप से की जा रही है। निगम के सभी 85 वार्डों में आयोजित जल सुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा 23 जल के नमूने परीक्षण हेतु दिए गए।

## शासकीय संभागीय आईटीआई गोविन्दपुरा में ग्लोबल स्किल पार्क के साथ स्पोक एण्ड हब मॉडल पर रोजगारोन्मुखी लघु अवधि प्रशिक्षण

भोपाल (आरएनएस)। शासकीय संभागीय आईटीआई गोविन्दपुरा,भोपाल म.प्र.में ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल के साथ स्पोक एण्ड हब मॉडल पर रोजगारोन्मुखी लघु अवधि प्रशिक्षण 01 माह, 20 कार्य दिवस, 04 घंटे प्रति कार्य दिवस प्रदाय किया जाना है।

प्राचार्य, शासकीय संभागीय आईटीआई गोविन्दपुरा भोपाल ने बताया कि प्रशिक्षण पाठयक्रम में इलेक्ट्रीशियन (विधुतकार), बेसिक इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर एवं बेसिक प्लंबिंग, कंप्यूटर बेसिक कंप्यूटर रहेगा एवं प्रशिक्षण अवधि एक माह रहेगी।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए योग्यता एवं आवश्यक दस्तावेज न्यूनतम 08वी उत्तीर्ण,आधार कार्ड, मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं प्रशिक्षण शुल्क 250 रूपये कार्यालयीन समय में रजिस्ट्रेशन के लिए अभ्यार्थी संस्था में उपस्थित होकर हेल्पडेस्क से अपना रजिस्ट्रेशन 01 मार्च से 10 मार्च 2026 तक करा सकते हैं।

## निगम ने की संपत्तिकर का भुगतान न करने वाले 03 सम्पत्तिकर के बकाया खातेदारों की संपत्तियां कुर्क

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा संपत्तिकर सहित अन्य करों एवं शुल्कों की वसूली प्रभावी ढंग से की जा रही है साथ ही करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही भी निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अमले ने जोन क्र. 05 के अंतर्गत वार्ड क्र. 08 में 01 तथा जोन क्र. 18 के वार्ड क्र. 80 में सम्पत्तिकर के 02 बकाया खातेदारों की सम्पत्तियां कुर्क की।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देष पर मंगलवार को निगम के अमले ने जोन क्र. 05 के



अंतर्गत वार्ड क्र. 08 के जूनागढ़ हाउस के समीर कुकरेजा द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 04 लाख 61 हजार 320 रूपये का भुगतान न करने पर उक्त बकायादार की संपत्ति कुर्क करने की गई।

इसके अलावा जोन क्र. 18 के अंतर्गत वार्ड क्र. 80 के अल्टीमेट आर्केड के तहसीन खान द्वारा संपत्तिकर की बकाया राशि 07 लाख 99 हजार 762 रूपये तथा अर्निंग पाईंट के टी-9 तृतीय तल के बकायादार प्रशांत शर्मा, विजेन्द्र शर्मा, दीपेश मलिक, दीप विजय अरोडा व प्रशांत नायक पर बकाया राशि 01 लाख 30 हजार 472 रूपये का भुगतान न करने पर उक्त बकायादारों की संपत्तियां कुर्क करने की गई।

# पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी: प्रेमिका ने धोखे से बुलाकर दोस्त के साथ मार डाला




भोपाल (आरएनएस)। बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब के नजदीक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की साजिश मृतक की प्रेमिका ने अपने एक साथी के साथ मिलकर रची थी।

आरोपी महिला का कहना है कि युवक से उसके अनैतिक संबंध थे। वह उसके साथ मारपीट करता था और अभद्र व्यवहार करता था। इससे परेशान होकर उसने वारदात को अंजाम दिया।

25 फरवरी को एसीपी अदिति भावसार ने बताया कि 21 फरवरी को युवक का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान ताराचंद पटेल पिता पुरुषोत्तम सिंह पटेल (46) निवासी फेज-1, शीतल टाउन, मंडीदीप के रूप में हुई।

परिजनों ने पूछताछ में बताया कि ताराचंद पटेल के जहांगीराबाद-बरखेड़ी निवासी रानी अहिरवार से पिछले डेढ़ साल से अवैध संबंध थे। रानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि ताराचंद 15 दिन में एक बार उसके घर आकर ठहरता था और समय-समय पर रुपए व घरेलू सामान देता था।

महिला के अनुसार, ताराचंद शराब के नशे में आए दिन गाली-गलौज करता था। उसके बीवी-बच्चे भी फोन पर उसे गालियां देते थे। वह उसकी बच्चियों के सामने ही शारीरिक संबंध बनाने की बातें करता था।

महिला ने बताया कि वह ताराचंद से काफी परेशान हो चुकी थी। इसी दौरान उसकी दोस्ती सिक्योरिटी गार्ड कृष्णपाल यादव से हो गई। उसने कृष्णपाल को अपनी परेशानी बताई। दोनों ने योजना बनाई कि वह ताराचंद को मिलने बुलाएगी और सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी हत्या कर दी जाएगी। योजना के अनुसार ताराचंद को बुलाया गया और बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब के पास झाड़ियों में उसकी हत्या कर दी गई।

## बदमाशों ने युवकों को बेहोश होने तक पीटा

भोपाल (आरएनएस)। भीम नगर में 6 से ज्यादा नकाबपोश बदमाशों ने मंगलवार रात दो युवकों को बेहोश होने तक पीटा। चाकू-छुरी, पत्थर से मुंह-नाक को कुचल दिया। लात-घूंसों से भी मारा। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक घायलों में रावेंद्र सेन और सौरभ विश्वकर्मा शामिल हैं। 38 सेकंड के भीतर करीब 12-15 वार किए गए। हमला पुरानी रंजिश के चलते किए गया है। मारपीट करने का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अक्कू उर्फ आकाश और विशाल चपटी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर रावेंद्र सेन पर हमला किया। यह हमला एक पुराने केस में समझौता करने से मना करने पर गुस्से में किया गया। राघवेंद्र और उसके साथी को आरोपियों ने जमकर पीटा है।

राघवेंद्र के दोस्त सौरभ विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि वे हनुमान मंदिर के पास खड़े होकर बात कर रहे थे, तभी अक्कू, विशाल और उनके साथियों ने अचानक हमला कर दिया। हमले में राघवेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि बीच-बचाव करने की कोशिश में उसे भी गंभीर चोटें आईं। आरोपी अक्कू और विशाल इलाके के जाने-माने क्रिमिनल हैं। उनके डर की वजह से आमतौर पर कोई शिकायत नहीं करता। हालांकि, राघवेंद्र ने उनके खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है। बार-बार कहने पर भी राघवेंद्र ने केस वापस नहीं लिया। इसके बाद आरोपियों ने दहशत फैलाने के इरादे से हमला कर दिया। आरोपी दिखाना चाहते थे कि उनके खिलाफ एक्शन लेने वालों का क्या होता है। एडिशन डीसीपी गौतम सोलंकी ने बताया कि सौरभ और राघवेंद्र का अरोपियों से पूर्व से विवाद है। इसी रंजिश के चलते हमला किया गया है। दो नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## भोपाल का मास्टर प्लान मेट्रोपोलिटन क्षेत्र के अनुरूप जारी होगा : विधायक रामेश्वर शमा



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के मास्टर प्लान को लेकर बुधवार को विधायक रामेश्वर शर्मा का बयान सामने आया है। उन्होंने विधानसभा भवन में पत्रकारों से चर्चा कर मेट्रोपोलिटन सिटी के मास्टर प्लान पर उन्होंने कहा कि - हमारा मास्टर प्लान तैयार है, उसके लिए हमारी पूरी योजना भी तैयार है। माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी ने इस संबंध में सारी जानकारी बताई है। मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर आदि हमारे महानगर हैं, उनके समग्र विकास की योजना तैयार की है। भोपाल, इंदौर तो हमारे मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में तैयार किए गए हैं। इसलिए जो मास्टर प्लान हम बना रहे हैं, उसमें मंडीदीप, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, रायसेन आदि क्षेत्रों का भला कैसे हो, इसकी योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि - कुल मिलाकर हम भोपाल को महानगरीय रूप में विकसित करने की योजना बना रहे हैं। ऐसा महानगर जिसमें चारों तरफसे उद्योग लगे हों, रोजगार हों, मेडिकल हब हो, एजुकेशन हब हो और बाहर से आने वाले नागरिक को मेट्रो से लेकर तमाम मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

## किसान ने खाई सल्फास की गोली,इलाज के दौरान हुई मौत

भोपाल (आरएनएस)। ईंटखेड़ी में रहने वाले एक किसान ने मंगलवार रात घर में सल्फास की गोली खा लीं। इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पत्नी से विवाद के चलते आत्महत्या की बात पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आई है।

गोलू साहू (28) हुकुचंद साहू रायपुर गांव ईंटखेड़ी का रहने वाला था। वह किसानी करता और मारवाड़ी रोड पर एक कॉस्मेटिक्स शॉप पर काम भी करता था। उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करा रखा था। बीते एक साल से पत्नी अपने मायके में रह रही है। लगातार कॉल पर दूसरे केस में फंसाने की धमकी देती थी। गोलू साहू के दो बच्चे हैं।

पत्नी गोलू को बच्चों से भी नहीं मिलने देती थी। इस बात को लेकर वह तनाव में रहते थे। मृतक के पिता का आरोप है कि बहू की आए दिन की धमकियों से तंग आकर बेटे ने मंगलवार रात को सल्फास खा लिया। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उनकी मौत हो गई।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# सौदा पारदर्शी हो

बड़ी ताकतें अपनी कंपनियों को सौदा दिलवाने के लिए भारत को महज एक बाजार के रूप में देखती हैं। मगर भारत को उनके दबाव में नहीं आना चाहिए। यह भी जरूरी है कि सौदा पारदर्शी हो, ताकि उसको लेकर विवाद पैदा ना हो। फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों को खरीदने का फैसला तत्कालीन यूपीए सरकार ने किया था। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने उसे आगे बढ़ाया, लेकिन उन्होंने खरीदारी की शर्तों में उलटफेर कर दी। इसी कारण मोदी सरकार ने जब पहली बार राफेल विमानों को खरीदा, तो उस सौदे पर ना सिर्फ भारत, बल्कि फ्रांस में भी बड़े विवाद हुए। दोनों जगहों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। मगर वह दीगर मामला है। उस विवाद को विमानों की गुणवत्ता पर प्रतिकूल टिप्पणी नहीं माना जाएगा। हां, पिछले वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने कई भारतीय राफेल विमानों को मार गिराने का दावा किया था, तो जरूर विमानों की तत्परता से संबंधित प्रश्न उठे। बहरहाल, उस दावे की सच्चाई क्या है, इस बारे में भारत सरकार ने अभी तक कुछ नहीं कहा है। इस बीच चार दिन के उस सीमित युद्ध ने भारत की रक्षा तैयारियों में और दम लगाने की जरूरत निर्विवाद रूप से जाहिर किया। यह भी साफ हुआ कि आगे की लड़ाइयों में वायु सेना की प्रमुख भूमिका होगी। अत: भारतीय वायु सेना की लड़ाकू विमानों की जरूरत को पूरा करना अनिवार्य है। अब केंद्र ने 114 राफेल विमानों को खरीदने का जो फैसला किया है, उसे इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। फ्रेंच कंपनी दसॉ के राफेल विमान उन्नत तकनीक से लैस हैं, यह आम धारणा है। चूंकि भारत के पास पहले ये विमान हैं, इसलिए उन्हें ही खरीदना भी सही निर्णय माना जाएगा। अब समझ यह बनी है कि आधुनिक हथियार एवं उपकरण उच्च तकनीक से संचालित हैं, वैसे में एक जैसे सिस्टम अधिक कारगर हो रहे हैं। इसलिए भारत को अलग-अलग देशों से सिस्टम खरीदने की नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। बड़ी ताकतें अपनी कंपनियों को सौदा दिलवाने के लिए भारत जैसे देशों को महज एक बाजार के रूप में देखती हैं। मगर भारत को उनके दबाव में नहीं आना चाहिए। उसे अपनी जरूरतों के अनुरूप सौदे करने चाहिए। फिर यह भी जरूरी है कि हर सौदा पारदर्शी हो, ताकि उसको लेकर उस तरह का संदेह पैदा ना हो, जैसा पिछले राफेल सौदे के समय हुआ था।

# बच्चों को सोशल मीडिया के असर से बचाने की जरुरत

अजीत द्विवेदी

देश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का सम्मेलन चल रहा है। एआई के आर्थिक, सामरिक इस्तेमाल और उसके असर की व्याख्या हो रही है। दुनिया भर के विशेषज्ञ दिल्ली में हैं। और इसके समानांतर इस बात की भी चर्चा हो रही है कि बच्चों और किशोरों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल से कैसे बचाया जाए। जब से ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है और सभी सोशल मीडिया कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि किसी भी बच्चे का अकाउंट उनके प्लेटफॉर्म पर नहीं होना चाहिए तब से भारत और दुनिया भर के देशों में इस तरह की चर्चा शुरू हो गई है। भारत में आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से इसकी पहल हो रही है कि 15 साल तक की उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से कैसे दूर रखा जाए। हो सकता है कि ऑस्ट्रेलिया के टेम्पलेट का इस्तेमाल करके यहां भी पाबंदी लगाई जाए।

इसके साथ ही इस प्रतिबंध के असर को लेकर भी बहस छिड़ गई है। यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या सोशल मीडिया पर पाबंदी बच्चों को इसके असर से बचाने का रामबाण उपाय है? इसके पक्ष और विपक्ष दोनों में तर्क दिए जा रहे हैं। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि पाबंदी का समर्थन और विरोध करने वाले दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि बच्चों को सोशल मीडिया के असर से बचाने की जरुरत है। बचाने के तरीके को लेकर जरूर मतभेद हैं। अमेरिका और यूरोप में कुछ दिन पहले हुए सर्वेक्षणों से पता चला कि इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि जेन जेड यानी 1997 से 2013 के बीच जन्मे बच्चे अपने से पहले वाली पीढ़ी यानी मिलेनियल्स के मुकाबले कम बुद्धिमान हैं। यह पहली बार है, जब कोई पीढ़ी अपने से पिछली पीढ़ी से कम बुद्धिमान हैं और इसका मुख्य कारण स्मार्ट फोन या दूसरे स्मार्ट गैजेट्स और सोशल मीडिया है। टेलीविजन को भी इडियट बॉक्स कहते थे लेकिन उसने बच्चों के सोचने, समझने की क्षमता को उतना प्रभावित नहीं किया, जितना इंटरनेट से कनेक्टेड गैजेट्स और सोशल मीडिया ने किया है।

सोचें, इस समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धि की वजह से दुनिया संज्ञानात्मक क्रांति (कॉग्निटिव रिवोल्यूशन) के मध्य में है और दूसरी ओर संचार क्रांति ने एक पूरी पीढ़ी की बुद्धिमता छीन ली है! क्या कृत्रिम बुद्धिमता के फलने फूलने के लिए जरूरी है कि प्राकृतिक बुद्धिमता का क्षरण हो? बहरहाल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिर्फ बच्चों और किशोरों की संज्ञानात्मक क्षमता को प्रभावित नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनकी सामाजिकता और मानसिक व शारीरिक क्षमता को भी प्रभावित कर रहे हैं। बच्चे और किशोर निराशा और अवसाद का शिकार हो रहे हैं। उनके अंदर कुंठा बढ़ रही है और सामाजिकता कम होती जा रही है। वे अपनी एक दुनिया रचने लगे हैं और कई बार यह उनके लिए जानलेवा साबित हो रहा है। पिछले ही दिनों दिल्ली से सटे गाजियाबाद में तीन बहनों के आत्महत्या करने की खबर आई थी। उनको सोशल मीडिया की ऐसी लत लगी थी कि वे अपनी वास्तविक दुनिया से बेखबर हो गईं थीं और



एक आभासी दुनिया में रहने लगी थीं, जिसकी परिणति तीनों की मृत्यु में हुई।

लेकिन क्या इस तरह की घटनाओं को रोकने और बच्चों व किशोरों को स्क्रीन एडिक्शन यानी फोन व सोशल मीडिया की लत से बचाने का एकमात्र तरीका यह है कि सोशल मीडिया पर पाबंदी लगा दी जाए? ध्यान रहे कोई भी पाबंदी बहुत खराब आर्थिक नीति मानी जाती है लेकिन यह सिर्फ आर्थिक नीति का मामला नहीं है, बल्कि इसके दूसरे पक्ष भी हैं। उन सबको ध्यान में रख कर ही कोई भी प्रयास किया जाना चाहिए। इसमें भेड़चाल के लिए कोई जगह नहीं है। ऑस्ट्रेलिया ने पाबंदी लगा दी और स्पेन के प्रधानमंत्री ने भी टिकटॉक से लेकर, यूट्यूब, स्नैपचैट, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों के लिए पाबंदी लगाने की योजना का ऐलान किया है। इसकी देखादेखी कुछ और देश ऐसा करेंगे और भारत में भी इसकी मांग होगी और लोकप्रिय भावना को संतुष्ट करने के लिए हो सकता है कि कुछ कदम उठा भी लिए जाएं लेकिन उससे कोई समाधान नहीं होगा।

सबसे पहले तो यह समझने की जरुरत है कि बच्चों और किशोरों में स्क्रीन की जो लत लगी है वह टेक्नोलॉजी या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की समस्या नहीं है। यह एक सामाजिक व पारिवारिक समस्या है, जिसमें तकनीक को विलेन बनाया जा रहा है। इसके समाधान के लिए सबसे पहले यह सवाल पूछने की जरुरत है कि स्क्रीन का एडिक्शन पहले किसको हुआ? सोशल मीडिया की लत पहले किसको लगी? क्या ऐसा नहीं कि परिवार के बड़े, बुजुर्ग पहले इस लत का शिकार हुए और फिर बच्चों की बारी आई? क्या यह सही नहीं है कि कोरोना महामारी के बाद की स्थितियों ने भी इस परिघटना को जन्म दिया? क्या पढ़ाई, लिखाई में स्मार्ट फोन या स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है? जाहिर है यह एक संश्लिष्ट समस्या है, जिसका समाधान पाबंदी के एक कामचलाऊ तरीके से निकालने की कोशिश हो रही है।

अगर इसकी बहुआयामी जटिलता को समझते हुए समाधान निकालने का प्रयास नहीं हुआ तो पाबंदी लगाने से कुछ नहीं होगा।

वैसे भी किसी भी चीज पर पाबंदी कभी भी कामयाब नहीं होती है, बल्कि उससे समस्या उलझती जाती है और साथ ही नई समस्याएं भी पैदा होती हैं। वैसे भी बच्चों या किशोरों को सोशल मीडिया के इस्तेमाल से रोकना एक मुश्किल काम होगा। भारत जैसे देश में यह और भी मुश्किल होगा। पहले तो सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाने वाले के उम्र और पहचान का वेरिफिकेशन बहुत मुश्किल होगा। अगर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सरकारी दस्तावेज जमा कराए जाते हैं तो प्राइवेसी कंप्रोमाइज्ड होने से लेकर पहचान के दुरुपयोग का खतरा अलग पैदा होगा।

इस तरह की पाबंदियों से बच्चों और किशोरों को, जो तकनीकी रूप से ज्यादा सक्षम और जानकार हैं, डार्क वेब या दूसरे गोपनीय तरीके आजमाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसके एक नया खतरा पैदा हो सकता है। इसी तरह कई बार सोशल मीडिया बच्चों व किशोरों को तनाव से निकलने का रास्ता भी देता है। वे अपने हमउम्र बच्चों से इससे जुड़े होते हैं, जिनसे उनको भावनात्मक संबल मिलता है। कई जानकार यह भी मानते हैं कि महिलाओं के सशक्तिकरण में इस तकनीक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की एक भूमिका रही है। इन पर पाबंदी महिलाओं को, खास कर युवा महिलाओं को निगेटिव तरीके से प्रभावित करेगी। ध्यान रहे भारत में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का इंटरनेट एक्सेस बहुत कम है।

तभी सवाल है कि अगर पाबंदी कोई समाधान नहीं है तो क्या किया जाए? सबसे पहले तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को न्यूनतम जांच सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया जाए। इसके बाद उनके कंटेंट को लेकर भी उनको जिम्मेदार ठहराया जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सुनिश्चित करना होगा कि किस किस्म का कंटेंट कौन एक्सेस करेगा। इसके बाद अश्लील और हिंसक कंटेंट को पूरी तरह से रोकने का नियम बनाने की जरुरत है। भारत में गेमिंग को रेगुलेट करने के नियम आए हैं। एडिक्ट करने वाले गेम और अश्लील कंटेंट को रोकने के सख्त नियम बनाए जाएं और उनको लागू कराया जाए।

पैरेंटल कंट्रोल को आसान बनाया जाए ताकि कम पढ़े लिखे लोग भी अपने घर के स्मार्ट गैजेट्स में इसका इस्तेमाल करके यह तय कर सकें कि उनके बच्चे क्या कंटेंट देख सकते हैं। इसके बाद स्कूल, कॉलेज, कोचिंग आदि में स्मार्ट गैजेट्स के इस्तेमाल को न्यूनतम किया जाए। मिसाल के तौर पर एक छोटी पहल यह हो सकती है कि बच्चे स्कूल जाते हैं तो होमवर्क और दूसरा कोई भी निर्देश उनको स्कूल में ही दिया जाए, जैसा पहले होता था। होमवर्क और दूसरे निर्देश व्हाट्सऐप पर भेजना बंद कर दिया जाए।

नियमित स्कूल जाने वाले बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई को भी कम से कम किया जाना चाहिए। इसके बाद समाज और परिवार की मूल्य पद्धति को रीसेट करने की जरुरत है। अगर परिवार के बड़े, बुजुर्ग स्मार्ट गैजेट्स का इस्तेमाल कम करते हैं तो वे बच्चों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस किस्म के कई छोटे छोटे कदम हैं, जिनसे सोशल मीडिया के निगेटिव असर को कम किया जा सकता है।



ओडिशा विजिलेंस के अधिकारियों ने रिश्वत के एक मामले में गिरफ्तार माइंस के डिप्टी डायरेक्टर देबब्रत मोहंती के घर पर छापे के दौरान ज़ब्त कैश की गिनती की। अधिकारियों ने बताया कि छापे के दौरान 4 करोड़ रुपये से ज़्यादा कैश बरामद हुआ।

# भाजपा को लेने के देन पड़ेंगे


हरिशंकर व्यास

क्या भाजपा राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कराने और जीवन भर चुनाव लड़ने से रोकेगी? ऐसे ही क्या प्रियंका गाधी वाड्रा की भी सदस्यता खत्म कराने की पहल होगी? भाजपा की ओर से पहले राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की चर्चा थी लेकिन उसको पता है कि उसमें पार्टी को शामिल होना होगा। यह भी सवाल था कि अगर सरकार के नीतिगत फैसलों की आलोचना के लिए विपक्ष के किसी सदस्य के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाया जाने लगे तो फिर यह बात बहुत दूर तक चली जाएगी। तभी पार्टी के एक सांसद निशिकांत दुबे की ओर से सबस्टेंसिव मोशन पेश कराया गया।

ध्यान रहे पहले सबस्टेंसिव मोशन पर यूपीए की पहली सरकार ने कई सांसदों की सदस्यता समाप्त की थी। उनके ऊपर पैसे लेकर सवाल पूछने के आरोप लगे थे। बाद में कमीशन लेकर एमपी फंड बेचने के आरोप में भी इस तरह का प्रस्ताव लाया गया। लेकिन राहुल गांधी का मामला अलग है। राहुल एक तो नेता विपक्ष हैं और दूसरे देश की मुख्य विपक्षी पार्टी के सर्वोच्च नेता हैं। उनके ऊपर जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं उनका कोई बहुत मजबूत आधार नहीं है। फोर्ड फाउंडेशन से संबंध या जॉर्ज सोरोस के साथ संबंध रखना सदस्यता खत्म करने का आधार नहीं हो सकता। तभी ऐसा लग रहा है कि भाजपा सांसद की ओर से पेश किया गया प्रस्ताव का इस्तेमाल राहुल को डराने और दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर है। राइट विंग इकोसिस्टम के लोग यह भी कह रहे हैं कि अगर राहुल की सदस्यता चली जाती है तो प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बन जाएंगी। अगर ऐसा होगा तो पार्टी के अंदर पावर सेंटर बदल जाएगा। यानी इस तरह से राहुल से पीछा छूटने की भाजपा के नेता उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि ऐसा होने की संभावना बिल्कुल नहीं है।

वैसे भाजपा नेताओं का एक समूह प्रियंका के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग कर रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि कांग्रेस और विपक्ष के कई सांसद स्पीकर के चैंबर में चले गए थे। उन्होंने वहां गाली गलौज की। यह भी कहा गया कि विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहे। दावा किया जा रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसकी साजिश रची थी और उनके उकसाने पर ये सांसद स्पीकर के कक्ष में गए थे। इस आधार पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की बात है।

परंतु क्या भाजपा सचमुच ऐसा कर पाएगी? यदि ऐसा किया तो राजनीति पर उसका क्या असर होगा? ध्यान रहे पिछली लोकसभा के कार्यकाल में सूरत में मानहानि के एक मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा हुई थी। लोकसभा सचिवालय ने तत्काल उनकी सदस्यता रद्द कर दी थी। उनका तुगलक लेन का बंगला खाली करने को कहा गया। राहुल ने तत्काल बंगला खाली किया। बाद में ऊपरी अदालत ने सजा पर रोक लगा दी तो राहुल की सदस्यता भी बहाल हुई। उसके बाद फिर उनको वही बंगला आवंटित हुआ लेकिन वे उसमें रहने नहीं गए। अंत नतीजा क्या हुआ? बाद में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सीटें 52 से बढ़ कर 99 हो गईं। दो निर्दलीय सांसदों को मिला कर कांग्रेस की संख्या एक सौ पार कर जाती है। यानी एक बार राहुल की सदस्यता रद्द हुई तो कांग्रेस की सीटों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई।




मेष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे, आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिशोध की भावना न रखें। जैसी आपकी सोच रहेगी, वैसे ही अनुभव मिलेंगे। आज आपको जिद से बचना होगा। आज व्यापार की शुरुआत मित्रों के साथ मिलकर हो सकती है। जीवनसाथी से आपको अपने दिल की सारी बातें करने का भरपूर समय मिलेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज सभी जरूरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारियां दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगे। इस राशि के जो लोग फर्नीचर का व्यापार कर रहे हैं, उन्हें उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। एक्सरसाइज की रूटीन अपनाएं, आपको लाभ जरूर मिलेगा। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि : कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में आज आपको शांत मन से सोचेने की जरूरत है, परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आज भाई अपने काम में आपकी मदद मांगेंगे। समाज में आज आप अपने बढ़िया कार्यों के कारण पहचाने जायेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहें छात्रों को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य समस्याओं के कारण थोड़ी उलझने हो सकती, लेकिन जल्द ही सब ठीक होगा। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में शानदार सफलता मिलेगी।

कर्क राशि : आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे, जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। कुछ विरोधी आपके काम में समस्याएं डालने की कोशिश कर सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करना अच्छा रहेगा। आज दूसरों के विचारों का असर आप के निर्णय पर न हो, इस बात का ध्यान रखें। काफी समय से चल रहे किसी कोर्ट केस का फैसला आपके पक्ष में आएगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको पैसों की जरूरत पड़ सकती है। आज आपको बेवजह की उलझने लेने से बचने की जरूरत है। सामाजिक तौर पर आप बहुत सक्रिय रहेंगे। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा पूरी हो सकती है। संतान आज आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोग आज अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यापार की गति थोड़ी धीमी होने से उलझन होगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों को अहमियत देगा। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे। संतान पक्ष से आपको खुशखबरी सुनने को मिलेगी, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा। बच्चों के जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जायेंगे।

तुला राशि :आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करेंगे। आज कामों को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने पद और आय को एक समान या बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन में खुशियों की प्राप्ती होगी। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे। इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपको समझ नहीं आएगा कि किसे पहले करूं और किसे बाद में। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स को कुछ अच्छा सीखने का मौका मिलेगा। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। दोस्तों के साथ पुरानी बाते याद करते हुए समय बितायेंगे। आज आपके अंदर सकरात्मक ऊर्जा बढ़ेगी। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं, जहां आप तोल मोलकर बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगें बढाने के लिए कुछ ऐसी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। परिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा। पिता से आज आपको कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात करके समय बितायेंगे।

कुंभ राशि : आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज साथ में समय बितायेंगे। रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। आप सफलता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ जायेंगे। छात्र किसी खास मामले में एकांत और शांति से विचार करेंगे, तो सब ठीक हो जायेगा। जीवनसाथी से आज आपको उपहार मिलेगा।

मीन राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जायेंगे। टूर-एंड-ट्रेवल्स संबंधी कार्यों में अच्छा लाभ होगा। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

# पैक्स सिलिका में भारत का होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

लेखक - ललित गर्ग

इक्कीसवीं सदी का यह दौर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और तकनीकी आपूर्ति शृंकखलाओं की वैश्विक प्रतिस्पर्धा का दौर बन चुका है। ऐसे समय में भारत द्वारा एआई शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन और उसके तुरंत बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले समूह पैक्स सिलिका से औपचारिक रूप से जुड़ना केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और रणनीतिक कदम है। यह उस नए भारत की घोषणा है जो तकनीकी शक्ति, नैतिक दृष्टि और वैश्विक संतुलन-तीनों को साथ लेकर चलने का सामर्थ्य अर्जित कर रहा है। एआई समिट के माध्यम से भारत ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह अब केवल तकनीक का उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्माता और मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। दुनिया की तीसरी बड़ी एआई शक्ति बनने की दिशा में यह एक ठोस चरणन्यास है।

दुर्लभ खनिजों और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला पर चीन का लगभग 90 प्रतिशत वर्चस्व पिछले कुछ वर्षों से वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है। कंप्यूटर चिप से लेकर रक्षा प्रणालियों और अंतरिक्ष तकनीक तक, हर क्षेत्र इन संसाधनों पर निर्भर है। इस पृष्ठभूमि में पैक्स सिलिका जैसे मंच की परिकल्पना एक संतुलित, विश्वसनीय और बहु-ध्रुवीय तकनीकी ढांचे के रूप में की गई है। भारत का इस समूह में शामिल होना केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि रणनीतिक और अनिवार्य निर्णय है। भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, विशाल युवा प्रतिभा और उभरता हुआ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम इस गठबंधन को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह पहल किसी के विरुद्ध आक्रामकता नहीं, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में संतुलन और विविधता स्थापित करने का प्रयास है। जब शक्ति का केंद्रीकरण टूटता है और साझेदारी का विस्तार होता है, तभी विश्व व्यवस्था स्थिर और संतुलित बनती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने तकनीक को शासन और विकास के केंद्र में स्थापित किया है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और सेमीकंडक्टर मिशन जैसी पहलों ने एक मजबूत आधार तैयार किया है। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आज दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है। आधार, यूपीआई और डिजिटल सेवाओं ने करोड़ों लोगों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ा है। इसी आधार पर एआई और चिप निर्माण के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सक्रियता और वैश्विक मंचों पर भारत की प्रभावी उपस्थिति ने देश को एक विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में स्थापित किया है। उनका दृष्टिकोण केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने का है।

भारत में चिप डिजाइन, निर्माण और एआई अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए बड़े निवेश आकर्षित किए जा रहे हैं। वैश्विक कंपनियाँ भारत को स्थिर लोकतंत्र, कुशल मानव संसाधन और दीर्घकालिक नीति स्थिरता वाले देश के रूप में देख रही हैं। पैक्स सिलिका जैसे अंतरराष्ट्रीय ढांचे का हिस्सा बनने से भारत को तकनीकी सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, पूंजी निवेश और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में व्यापक लाभ मिलेगा। इससे न केवल चीन पर निर्भरता कम होगी, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता भी सुदृढ़ होगी। यह भागीदारी भारत को अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय देशों जैसी प्रमुख तकनीकी शक्तियों के साथ और अधिक निकटता से जोड़ेगी, जिससे वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ेगी। भारत की विशेषता केवल तकनीकी क्षमता नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि भी है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से प्रेरित भारत एआई को मानव-केंद्रित विकास का माध्यम बनाना चाहता है।

स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग से व्यापक जनकल्याण सुनिश्चित किया जा सकता है। यदि तकनीक कुछ शक्तियों के हाथों में सिमट जाए तो असंतुलन बढ़ता है, किंतु जब लोकतांत्रिक और समावेशी राष्ट्र इसका नेतृत्व करते हैं तो यह वैश्विक कल्याण का साधन बन सकती है। भारत का प्रयास है कि एआई के नैतिक मानदंड सार्वभौमिक हों और तकनीक का उपयोग हथियार के रूप में नहीं, बल्कि मानव प्रगति के साधन के रूप में हो।

भारत की दृष्टि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी प्रगति का उपकरण नहीं, बल्कि मानवीय चेतना के विस्तार का माध्यम है। जिस देश ने विश्व को 卐वसुधैव कुटुम्बकम卐 का मंत्र दिया, जिसने करुणा, अहिंसा और सह-अस्तित्व की परंपरा को जीवन-मूल्य के रूप में प्रतिष्ठित किया, वह एआई को भी केवल बाज़ार और प्रभुत्व की प्रतिस्पर्धा में नहीं, बल्कि मानव कल्याण और वैश्विक संतुलन के संदर्भ में देखता है। भारत की सभ्यता-चेतना, जो महात्मा गांधी की अहिंसा और गौतम बुद्ध की करुणा से अनुप्राणित है, तकनीकी विकास को नैतिक अनुशासन से जोड़ने की प्रेरणा देती है। यहाँ विकास का अर्थ केवल गति नहीं, बल्कि दिशा भी है; केवल क्षमता नहीं, बल्कि संवेदना भी है। यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जीवन की समग्रता-प्रकृति, समाज और मानव गरिमा के साथ जोड़ा जाए, तो भारत विश्व संरचना में ऐसा संतुलित मॉडल प्रस्तुत कर सकता है जो तकनीक को विनाश का कारण बनने से रोककर उसे सृजन, समावेशन और मानव उत्कर्ष का सशक्त साधन बना दे।

आज दुनिया दो ध्रुवों के बीच खड़ी दिखाई देती है-एक ओर केंद्रीकृत तकनीकी वर्चस्व, दूसरी ओर साझेदारी और संतुलन का मॉडल। भारत का उभार इस द्वंद्व को संतुलन में बदलने की क्षमता रखता है। भारत न टकराव की राह पर है, न निष्क्रियता कीय वह सक्रिय संतुलन की नीति अपना रहा है। यह संतुलन ही भविष्य की शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का आधार बन सकता है। पैक्स सिलिका के माध्यम से भारत और उसके सहयोगी एक ऐसी नई दिशा दे सकते हैं जहाँ तकनीकी नवाचार का लाभ वैश्विक दक्षिण तक पहुँचे, आपूर्ति श्रृंखला पारदर्शी हो और वैश्विक शक्ति-संतुलन स्थिर रहे। निस्संदेह, यह समय भारत के लिए ऐतिहासिक है।

एआई और सेमीकंडक्टर के इस युग में भारत का यह कदम उसकी आर्थिक और तकनीकी शक्ति को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उभरती यह तकनीकी और एआई क्रांति न केवल भारत को सशक्त बना रही है, बल्कि विश्व को भी संतुलन और सहयोग की नई राह दिखा रही है। आने वाले वर्षों में यह साझेदारी नई सृष्टि का आधार बन सकती है-एक ऐसी सृष्टि जहाँ तकनीक प्रतिस्पर्धा का नहीं, बल्कि समन्वय और शांति का माध्यम बने। भारत इस दिशा में दृढ़ता से अग्रसर है और विश्व नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए स्वयं को सक्षम बना रहा है।

## कश्मीरी गेट में कार पर गोलीबारी, खुद को लॉरेंस बिश्नोई लीगल टीम का सदस्य बताने वाला एक व्यक्ति घायल

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के कश्मीरी गेट इलाके में देर रात करीब 10:10 बजे एक कार पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, गाड़ी में कुल पांच लोग सवार थे, और गोलीबारी के बाद हमलावर फरार हो गए। घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी नॉर्थ राजा बंथिया ने घटनास्थल पर पत्रकारों से बातचीत में बताया, हमें रात करीब 10:10 बजे सूचना मिली कि कश्मीरी गेट के पास एक कार पर फायरिंग हुई है। मौके पर पहुंचकर हमने पाया कि गाड़ी पर चार से पांच राउंड फायरिंग की गई है। एक व्यक्ति घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारी टीम तुरंत सक्रिय हुई और जांच शुरू कर दी गई है। डीसीपी बंथिया ने कहा, हम जांच के हर पहलू पर काम कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य तकनीकी सबूतों के आधार पर जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश की जाएगी। दिल्ली में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल व्यक्ति खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम का सदस्य बता रहा है। हालांकि, यह उनका अपना दावा है, और पुलिस इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं कर पाई है। घटना के समय गाड़ी में मौजूद अन्य चार लोग सुरक्षित हैं।

पुलिस ने बताया कि हमले का मकसद अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह पुरानी रंजिश या गैंगवार से जुड़ा हो सकता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त कर ली है। फॉरेंसिक टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। गोलीबारी वाली जगह पर खोखे कारतूस बरामद हुए हैं, जिनकी जांच से हथियार का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

## दिल्ली : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली में मिले जयराम ठाकुर

शिमल (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा प्रदेश के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न वित्तीय विषयों को उनके समक्ष रखा। जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को निरंतर दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले हिमाचल प्रदेश के संतुलित एवं सतत विकास के लिए केंद्र का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेश की वित्तीय सुदृढ़ता, आधारभूत संरचना के विकास, आपदा राहत तथा विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों का पूर्ण ध्यान रखेगी और प्रदेश को आवश्यक सहयोग हमेशा की तरह प्रदान करती रहेगी। उन्होंने आंकड़े रखते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को जितना सहयोग मिला वह पिछले 70 सालों में भी नहीं मिल पाया। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने से केंद्र द्वारा प्रायोजित 191 योजनाओं में प्रदेश की भागीदारी मात्र 10 प्रतिशत की होती है, बाकी सारा खर्च केंद्र सरकार द्वारा ही वहन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु नेशनल हाईवे, फोर लेन, विश्व स्तरीय टनल, और रेलवे का जाल भी केंद्र सरकार द्वारा बिछाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि बेहतर कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर ही बेहतर भविष्य की बुनियाद है। हिमाचल में केंद्र के सहयोग से कनेक्टिविटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। जिसका लाभ समूचे प्रदेश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास और जनता के हितों की रक्षा के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं तथा हिमाचल के अधिकारों और आवश्यकताओं को केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से उठाते रहेंगे।

जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को वाह्य सहायता प्राप्तपरियोजनाओं (ईएपी) के जरिए केंद्र सरकार द्वारा 3000 करोड़ रुपए की मदद की गई है। जिसमें से जायका दो के तहत स्वास्थ्य सुविधाओं की सुदृढ़ीकरण के लिए 1617 रुपए के प्रोजेक्ट की स्वीकृति दी गई है। इसमें जायका द्वारा 1294 करोड़ रुपए का ऋण दिया जाएगा। जिसमें से 1165 करोड़ केंद्र सरकार वहन करेगी। इससे हिमाचल प्रदेश के 5 मेडिकल कॉलेज और 86 स्वास्थ्य संस्थाओं में व्यवस्थाएं सुधरेगी।

# गुजरात पुलिस ने सोमनाथ ट्रस्ट की फर्जी बुकिंग स्कैम में राजस्थान के 6 छात्र गिरफ्तार

गांधीनगर (आरएनएस)। राजस्थान के 6 कॉलेज छात्रों को साइबर फ्रॉड नेटवर्क चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ये लोग श्री सोमनाथ ट्रस्ट के गेस्ट हाउस में रहने की जगह ढूंढने वाले तीर्थयात्रियों को टारगेट करते थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टेट साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने यह कार्रवाई तब की जब तीर्थयात्रियों से कई शिकायतें मिलीं। तीर्थयात्रियों ने दावा किया कि उन्होंने सोमनाथ में सागर दर्शन गेस्ट हाउस, माहेश्वरी गेस्ट हाउस और लीलावती गेस्ट हाउस में कमरे बुक किए थे, लेकिन ट्रस्ट के सिस्टम में उनके रिजर्वेशन का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। ट्रस्ट सिर्फ अपनी ऑफिशियल वेबसाइट के जरिए बुकिंग की इजाज़त देता है और उसने किसी भी थर्ड-पार्टी प्लेटफॉर्म को ऑथराइज नहीं किया है। टेक्निकल जांच के दौरान, अधिकारियों ने ऑफिशियल सोमनाथ बुकिंग पोर्टल जैसी दिखने वाली चार नकली वेबसाइट की पहचान की। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों ने गेस्ट हाउस की असली वेबसाइट के लेआउट, लोगो और तस्वीरों की नकल की थी और उन्हें असली दिखाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल करके उनमें बदलाव किया था। नकली साइटों पर आरोपियों द्वारा चलाए जा रहे मोबाइल नंबर दिखाए गए थे और यूजर्स को क्यूआर कोड, यूपीआई और बैंक ट्रांसफर के जरिए एडवांस पेमेंट करने के लिए कहा गया था। कई मामलों में ऑनलाइन पूजा या डोनेशन के लिंक पर क्लिक करने के बाद पीड़ितों को रीडायरेक्ट भी किया गया।




पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने नकली वेबसाइट को गूगल सर्च रिजल्ट में खास तौर पर दिखाने के लिए पेड ऑनलाइन प्रमोशन का इस्तेमाल किया। उन्होंने कथित तौर पर पीड़ितों को कॉल और सर्विस के ओरिजिन के बारे में गुमराह करने के लिए लोकेशन बदलने वाले एप्लिकेशन का भी इस्तेमाल किया। पेमेंट मिलने के बाद, ग्रुप ने शिकायत करने वालों को एआई से बनी बुकिंग रसीदें भेजीं। पीड़ितों को गेस्ट हाउस पहुंचने पर ही धोखाधड़ी का पता चला।

टेक्निकल सर्विलांस से पता चला कि यह ऑपरेशन राजस्थान के जयपुर में एक किराए की प्रॉपर्टी में चल रहा था, जहां 6 आरोपी कथित तौर पर करीब पांच महीने से नेटवर्क चला रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सचिन हरसाना, अभिषेक उपाध्याय, राजकुमार प्रताप, शेरसिंह, माधव गुर्जर और विष्णुकुमार अवतार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी कॉलेज स्टूडेंट हैं।

एसपी राजदीपसिंह जाला ने कहा, गुजरात के मशहूर सोमनाथ मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को टारगेट करके साइबर फ्रॉड का एक मामला सामने आया है।

## अनुराग ठाकुर ने बताया राहुल का मतलब, कांग्रेस सांसद पर देश की छवि धूमिल करने का आरोप

कांगड़ा (आरएनएस)। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन चुके हैं। कांगड़ा में मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा सांसद ने कांग्रेस नेता पर कई गंभीर आरोप लगाए। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। वह भारत विरोधी एजेंडा चलाते हैं, नेगेटिव पॉलिटिक्स को बढ़ावा देते हैं और अराजकता फैलाने का प्रयास करते हैं। अब उनका एकमात्र काम झूठ बोलना, कन्फ्यूजन पैदा करना, भारत को बदनाम करना और मोदी विरोधी पॉलिटिक्स करना है। जब भारत की इकॉनमी सबसे तेजी से बढ़ रही है, तो वह इसे डेड इकॉनमी कहते हैं। उन्हें भारत की तरक्की पसंद नहीं है।

## दो दिन के आधिकारिक दौरे पर जापान पहुंचे सीएम योगी, टोक्यो में जोरदार स्वागत



टोक्यो/लखनऊ (आरएनएस)। सिंगापुर दौरे के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जापान पहुंचे, जहां टोक्यो में उनका भव्य स्वागत किया गया। उपराज्यपाल जुनिची इशिदेरा और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने सीएम योगी का अभिनंदन किया। दो देशों की यात्रा के अंतर्गत यह यात्रा मुख्यमंत्री की जापान की पहली यात्रा है, जो भारत और जापान के बीच बढ़ते रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाती एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीएम योगी का दो दिन का ये आधिकारिक दौरा है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर जानकारी दी कि उगते सूरज की नवोन्मेषी भूमि को प्रभु श्री राम की पावन धरा के आदित्य का नमस्कार। एक और पोस्ट में सीएम ने कहा कि आज टोक्यो में मित्सुई एंड कंपनी के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बिजनेस यूनिट के प्रबंध अधिकारी और मुख्य परिचालन अधिकारी काज़ुकी शिमिज़ु और उनकी टीम के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक सार्थक और दूरदर्शी बैठक हुई।

उन्होंने आगे कहा कि हमने मित्सुई एंड कंपनी को उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर क्षेत्रों में परिवर्तनकारी निवेश के लिए आमंत्रित किया, जो राज्य के तीव्र औद्योगिक विस्तार के अनुरूप हैं।




*कांग्रेस नेता हरीश रावत ने देहरादून के गांधी पार्क में उत्तराखंड सरकार की जंगल खाली करने की पॉलिसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान इंडिया ब्लॉक पार्टियों को लीड किया।*

## पोखरण में अग्नि वर्षा : भारतीय सेना ने मरुस्थल में दिखाया समेकित युद्ध क्षमता का दम; 25 देशों के रक्षा

जोधपुर/पोखरण (आरएनएस)। भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास अग्नि वर्षा का सफल आयोजन किया। थार के रेगिस्तान में आयोजित इस युद्धाभ्यास ने न केवल सेना की परिचालन तत्परता को साबित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि आधुनिक तकनीक के समावेशन से भारतीय सेना कितनी अधिक नेटवर्क-सक्षम और निर्णायक हो चुकी है। युद्धक्षेत्र की नई तकनीक का प्रदर्शन

अभ्यास अग्नि वर्षा केवल शक्ति प्रदर्शन नहीं था, बल्कि इसमें भविष्य के युद्धक्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया गया

**नेटवर्क-सक्षम प्रणालियाँ कमांड और कंट्रोल के लिए अत्याधुनिक नेटवर्क प्रणालियों का उपयोग किया गया।**

ड्रोन और काउंटर-ड्रोन मानवरहित हवाई प्रणालियों (UAVs) और ड्रोन हमलों को नाकाम करने वाले काउंटर-ड्रोन उपायों का सजीव प्रदर्शन।

सटीक मारक क्षमता: लंबी दूरी के सटीक रॉकेट और आधुनिक तोपखाना प्लेटफॉर्म ने अपनी मारक क्षमता का लोहा मनवाया।




प्रमुख हथियार प्रणालियाँ और मारक क्षमताइस समेकित मैन्युवर अभ्यास में जमीन से लेकर आसमान तक भारतीय सेना के सबसे घातक हथियारों का समन्वय देखा गया

कवचित शक्ति: टी-90 (T-90) मुख्य युद्धक टैंक और इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स।

तोपखाना (Artillery): के-9 वज्र स्व-चालित होवित्जर, शारंग, बोफोर्स और विभिन्न रॉकेट प्लेटफॉर्म। वायु शक्ति : स्वदेशी ALH वेपन सिस्टम इंटीग्रेटेड (WSI) हेलीकॉप्टर और अमेरिकी मूल के अपाचे (Apache) अटैक हेलीकॉप्टर।

**वैश्विक स्तर पर पहचान**

भारतीय सेना की इस बढ़ती ताकत को देखने के लिए 25 देशों के रक्षा पत्रकार और विशेषज्ञ पोखरण पहुँचे। उन्होंने रेगिस्तानी परिस्थितियों में सेना के संयुक्त हथियार संरचनाओं की गति, सटीकता और आपसी समन्वय को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जो आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तकनीक की सफलता को दर्शाता है।

**आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम**

यह अभ्यास भारतीय सेना की प्रौद्योगिकी समावेशन और क्षमता विकास की निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है। सेना ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा प्राथमिकताओं के अनुरूप किसी भी बहु-डोमेन (Multi-domain) युद्ध वातावरण में त्वरित और निर्णायक कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय इजराइली दौरे पर बेन गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचने पर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उनका स्वागत किया. स्वागत के दौरान पीएम नेतन्याहू की पत्नी भी मौजूद थीं.

## उत्तर प्रदेश में नौ साल से दंगा नहीं हुआ, इसलिए अखिलेश यादव परेशान : ओपी राजभर

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि योगी सरकार में बीते 9 साल में कोई दंगा नहीं हुआ। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में कानून का राज है और विकास हो रहा है। इस बात से पूर्व सीएम अखिलेश यादव परेशान हैं। मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव को यह लग रहा है कि अब उनका क्या होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में सिर्फ उनकी जाति के लोग ही उनके साथ रह जाएंगे, मुसलमान भी उनसे अपना पीछा छुड़ा लेंगे। लखनऊ में यूपी सरकार में मंत्री ओपी राजभर ने कहा कि राज्य में मेट्रो का काम चल रहा है और विकास तेजी से हो रहा है। एक्सप्रेसवे बन रहे हैं और दंगे पर रोक लगी है। पिछले नौ साल में कोई दंगा नहीं हुआ, इसलिए उन्हें चिंता है कि अब उनका क्या होगा। सीएम योगी और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछड़े और दलित समुदायों को ऊपर उठाने और तरक्की की ओर ले जाया जा रहा है। अखिलेश यादव इसी बात से परेशान हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए ओपी राजभर ने कहा कि 1990 में जब समाजवादी पार्टी सत्ता में थी, तो उसी पार्टी के लोगों ने उनके साथ बहुत बुरा बर्ताव किया था। अखिलेश यादव शायद यह भूल गए हैं। उन्हें इतिहास देखना चाहिए, तब उन्हें समझ आएगा कि क्या किया गया था।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य को स्नान करने से पुलिस ने रोक दिया। शंकराचार्य के साथ यह अपमान तब हुआ, जब भगवाधारी हमारे मुख्यमंत्री हैं। सच्चे संतों का अपमान करके भाजपा ने फिर साबित कर दिया है वह किसी की भी सगी नहीं है। भाजपा की ये पुरानी 'कु-कार्यशैली' है कि जो भी भाजपाइयों के जुल्म, ज्यादती और जुर्म के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे भाजपाई झूठे आरोपों से धमकाने, दबाने, मिटाने की साजिश करते हैं।

## भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का विधानसभा घेराव, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

चंडीगढ़ (आरएनएस)। कांग्रेस विधायक आज बीजेपी सरकार के खिलाफ मोर्चा निकालते हुए विधानसभा पहुंचे। सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव किया। हाईकोर्ट चौक से विधानसभा तक निकाले गए इस रोष प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायकों ने एक हाथ में विभिन्न समस्याओं पर लिखी तख्तियां और दूसरे हाथ में झुनझुना लेकर नारेबाजी की। इस प्रतीकात्मक विरोध के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि हरियाणा की जनता तमाम



गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, जबकि बीजेपी सरकार केवल झूठे वादों और खोखले दावों का झुंझना बजाने में व्यस्त है। कांग्रेस विधायकों ने सरकार से इन सभी मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज होगा। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस एक जिम्मेदार विपक्ष के नाते जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक हर मंच पर उठाएगी। बीजेपी जितना अपनी जिम्मेदारी से भागेगी, कांग्रेस उतने पुरजोर तरीके से जनता की पैरवी करेगी। आखिकार सरकार को जवाबदेह बनना ही पड़ेगा। पत्रकारों से बातचीत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। कानून व्यवस्था से लेकर अर्थव्यवस्था तक, रोजगार से लेकर महंगाई तक, कृषि से लेकर शिक्षा तक, स्वास्थ्य से लेकर स्वच्छता तक, बीजेपी ने सभी क्षेत्रों में अपनी नाकामी और नकारेपन का परिचय दिया है।

### अकाली और कांग्रेस सरकारों ने पंजाब के बच्चों को जानबूझकर अनपढ़ रखा : भगवंत मान

मानसा (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि अकाली और कांग्रेस के दशकों के शासन ने जानबूझकर पंजाब के बच्चों को अनपढ़ रखा, जबकि राजनीतिक परिवार फलते-फूलते रहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन पार्टियों को कभी भी लोगों की तरक्की की चिंता नहीं थी, बल्कि सिर्फ अपनी बेटियों-बेटों और रिश्तेदारों के लिए सत्ता हासिल करने की चिंता थी। सरदूलगढ़ में सरकारी आई.टी.आई., जो हर साल 240 विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाएगी, का नींव पत्थर रखने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अब चुनाव सपना पूरा करने के लिए दूसरी पार्टियों के दलबदलुओं पर निर्भर कर रही है।




भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के बुलढाणा में 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' का उद्घाटन किया.

## डांस अक्रॉस द वर्ल्ड दे रहा लोकनृत्य को नया मंच, रूस की परंपराएं से रुबरू कराएंगी शक्ति मोहन

आज के दौर में, जब ग्लोबलाइजेशन के नाम पर लोककलाएं और



पारंपरिक नृत्य धीरे-धीरे हाशिए पर जाते दिख रहे हैं, ऐसे समय में कुछ कलाकार ऐसे भी हैं, जो इन्हें दुनिया के सामने नए अंदाज में पेश कर रहे हैं। इसी सोच और जुनून के साथ भारतीय डांस जगत की जानी-मानी कलाकार शक्ति मोहन अपने खास यूट्यूब प्रोजेक्ट डांस अक्रॉस द वर्ल्ड के जरिए एक वैश्विक सांस्कृतिक सफर पर निकली हैं। उनका यह सफर सिर्फ देशों की सीमाएं पार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अलग-अलग सभ्यताओं को समझने और उन्हें आज की युवा पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश भी है। हाल ही में शक्ति मोहन ने डांस अक्रॉस द वर्ल्ड का नया एपिसोड लॉन्च किया, जिसमें वह रूस की समृद्ध और शक्तिशाली लोकनृत्य परंपराओं को एक्सप्लोर करती नजर आईं। इस खास एपिसोड की लॉन्चिंग में उनके करीबी दोस्त, परिवार और इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उनके इस विजन की खुलकर तारीफ की।

डांस अक्रॉस द वर्ल्ड को शक्ति मोहन ने ड्रीम प्रोजेक्ट बताया और कहा, मैं इसके जरिए हजारों साल पुरानी लोकनृत्य शैलियों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाना चाहती हूं। इस शो का पहला सीजन कई देशों की यात्रा पर आधारित रहा, जहां मैंने अलग-अलग संस्कृतियों के पारंपरिक नृत्यों को न सिर्फ सीखा, बल्कि उन्हें दर्शकों के सामने पेश भी किया।

शक्ति मोहन ने कहा, दुनिया में कई ऐसी नृत्य परंपराएं हैं, जो बेहद सुंदर होने के बावजूद धीरे-धीरे गुमनाम होती जा रही हैं। इन कला रूपों को बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें आज के युवाओं के सामने इस तरह पेश किया जाए, जिससे वे उनसे जुड़ाव महसूस करें। मेरे लिए यह शो दिल के बेहद करीब है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपने दो सबसे बड़े प्यार, यानी ट्रैवल और डांस, को एक साथ जीने का मौका मिल रहा है।

## भारतीय परंपरा का दीपिका ने शान से किया है प्रदर्शन

मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण न केवल अपनी फिल्मों के लिए, बल्कि अपने अद्वितीय फैशन सेन्स के लिए भी दुनिया भर में सराही जाती हैं। विशेषकर उनके साड़ी लुक्स हमेशा चर्चा में रहे हैं, क्योंकि वे हर बार भारतीय विरासत और कारीगरी को वैश्विक मंच पर अत्यंत शालीनता और सौंदर्य के साथ प्रस्तुत करती हैं। चाहे बाफ़्टा हो या कान्स, उन्होंने साड़ी को सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के गौरव के प्रतीक के रूप में विश्व मंच पर स्थापित किया है। जैसे ही बाफ़्टा के नए सीज़न नज़दीक आते हैं, ऐसे में उनके उन पलों को याद करना जरूरी हो जाता है जब उन्होंने साड़ी पहनकर भारत का प्रतिनिधित्व बेमिसाल ढंग से किया। बाफ़्टा अवार्ड 2024 में दीपिका पादुकोण गोल्ड और सिल्वर रंग की बेहद खूबसूरत सीक्विन साड़ी में दिखाई दीं।



मॉडर्न स्ट्रैपी ब्लाउज़, सलीके से बना मैसी बन और न्यूड मेकअप ने उनके लुक को देसी परंपरा और आधुनिक स्टाइल का अनूठा संगम बना दिया। उनकी यह उपस्थिति न केवल फैशन की जीत थी बल्कि भारतीय परिधान की अंतरराष्ट्रीय पहचान का मजबूत संदेश भी थी। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2022 में उनका रफल्ड सफेद साड़ी लुक भी खूब चर्चा में रहा। मोतियों से सजा ब्लाउज़, हल्का मेकअप, काजल से उभरी आंखें और स्लीक बन ने उनके व्यक्तित्व में एक क्लासिक और एलिगेंट आभा जोड़ दी। कान्स के रेड कार्पेट पर उनकी यह छवि भारतीय साड़ी की वैश्विक स्वीकार्यता का एक बेहतरीन उदाहरण थी। टाइम 100 इंपैक्ट अवार्डस 2022 में उन्होंने पर्ल-व्हाइट शीयर साड़ी पहनी, जिसका ब्लाउज़ फूलों की कढ़ाई और सीक्विन वर्क से सजा था।

फेदर पल्लू और न्यूनतम गहनों ने इस लुक में सादगी और शाहीपन का सम्मिश्रण रचा, जिससे उनकी भारतीय खूबसूरती एक नई चमक के साथ उभरी। टाइम100 इंपैक्ट 2018 के दौरान दीपिका ने सफेद कढ़ाईदार साड़ी को सैटिन पल्लू और भारी ब्लाउज़ के साथ पहना। यह लुक उनकी सरलता, शान और भारतीय कारीगरी की गहराई का सशक्त परिचय था। कैन्स 2010 में पहली बार उन्होंने सफेद जॉर्जेट साड़ी पहनी, जिस पर सुनहरी कढ़ाई और बॉर्डर थे। गोल्ड-सिल्वर ब्लाउज़ के साथ उनका यह लुक बेहद खूबसूरत और भारतीय परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण था।

## गैंगस्टर बनकर नानी ने उड़ाया गर्दा, रिलीज हुआ फिल्म ब्लडी रोमियो का टीजर

साउथ के सुपरस्टार नानी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उनके जन्मदिन पर एक धमाकेदार ऐलान हुआ। उन्हें डायरेक्टर सुजीत की नई फिल्म ब्लडी रोमियो में लीड रोल मिला है। फिल्म का स्टाइलिश एनिमेटेड टीजर रिलीज हुआ, जिसमें नानी एक तेज-तर्रार नंबर वन गैंगस्टर के रूप में दिखे। फिल्म की शूटिंग समर 2026 से शुरू होगी। यह नानी और सुजीत की पहली फिल्म है। 2026 में नानी और विजय देवरकोंडा की बॉक्स ऑफिस पर टक्कर होने वाली है। दोनों की गैंगस्टर ड्रामा फिल्में क्रिसमस के आसपास रिलीज हो सकती हैं। नानी की ब्लडी रोमियो क्रिसमस 2026 में आएगी, जबकि विजय की राउडी जनाधारणा भी उसी समय आने की संभावना है। ब्लडी रोमियो का यह 108 सेकंड का वीडियो देखते ही बनता है. नानी का इंटेंस लुक, ब्लैक आउटफिट में बंदूक थामे, चारों ओर तबाही का मंजर, जैसे कोई एक्शन हीरो स्ट्रीट्स पर तहलका मचा रहा हो. वीडियो में एनिमेटेड स्टाइलिश ग्लिम्प्स है, जहां नानी एक ऐसे कैरेक्टर में हैं जो बाहर से शांत-रोमांटिक दिखता है लेकिन अंदर से खतरनाक गैंगस्टर है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में नानी एक गैंगस्टर का रोल प्ले कर रहे हैं जो शेफ के भेष में रहता है. किचन टू स्ट्रीट्स वाली लाइन इसी कॉन्सेप्ट को हाईलाइट करती है, जहां किचन की गर्मी (खाने की) से लेकर गलियों की गर्मी (एक्शन-गैंगवार) तक सब कुछ है.

## रियलिटी शो द 50 से बाहर आने के बाद मोनालिसा का दिखा ग्लैमरस अंदाज, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

भोजपुरी सिनेमा और हिंदी टीवी सीरियल्स की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा आज के समय में एक जाना-माना चेहरा हैं, जो अपनी खूबसूरती और एक्टिंग



के अलावा शानदार डांस मूव्स के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने 125 से अधिक भोजपुरी फिल्मों के साथ-साथ हिंदी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगु मूवी में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा है। मोनालिसा हाल ही में देश के एक नए और यूनिक रियलिटी शो द 50 से बाहर आई हैं, जिसमें उन्होंने पहली बार अपने पति विक्रांत सिंह राजपूत के साथ एक प्रतियोगी के रूप में भाग लिया था। द 50 शो के पैलेस से बाहर आने के बाद मोनालिसा का ग्लैमरस अंदाज देखने को मिल रहा है। अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम से कुछ बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कीं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, डोपामाइन... बेहद जरूरी।

मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है, जिनका जन्म 21 नवंबर 1982 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था। अभिनेत्री ने 17 जनवरी, 2017 को देश के सबसे बड़े टीवी रियलिटी शो बिग बॉस हाउस में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ शादी की, जो कि खुद एक प्रसिद्ध भोजपुरी फिल्म अभिनेता हैं। मोनालिसा ने बिग बॉस 10 और टीवी सीरियल नजर में मोहना राठौड़ के रूप में बड़ी पहचान बनाई। नजर में उनके डायन के किरदार को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसी के साथ भोजपुरी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में एक मशहूर हस्ती बना दिया।

अभिनेत्री सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड व स्टाइलिश तस्वीरों के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस भोजपुरी इंडस्ट्री की बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं, जिनका नाम सबसे अधिक फीस लेने वाली एक्ट्रेस में शामिल है। वहीं, मोनालिसा की भोजपुरी जर्नी की बात करें, तो उन्होंने इंडस्ट्री के सबसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है, जिनमें पवन सिंह, मनोज तिवारी और निरहुआ जैसे सितारों के नाम शुमार हैं।

## द केरल स्टोरी 2 पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची, लगे 16 कट, लिप लॉक सीन किए कम

द केरल स्टोरी 2= गोज बियॉन्ड अपने ट्रेलर रिलीज के बाद से ही विवादों से घिरा हुआ. फिल्म के खिलाफ रिलीज पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की गई हैं. इसी बीच सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को / 16+ सर्टिफिकेशन के साथ पास कर दिया है. हालांकि मेकर्स को फिल्म में 16 कट्स लगाने या बदलाव करने को कहा है. रिपोर्ट के अनुसार, सीबीएफसी ने द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड के मेकर्स को फिल्म में लगभग 16 कट या बदलाव करने के लिए कहा है. किसिंग विजुअल्स और रेप सीन को 50 प्रतिशत कम कर दिया गया. एक लिप-लॉक सीन को 7 सेकंड कम करने के लिए कहा गया. रेप सीन को 20 सेकंड छोटा कर दिया गया. एक सीन, जिसमें एक महिला को थप्पड़ मारा जा रहा है, और दूसरा सीन जिसमें एक महिला के सिर पर मारा जा रहा है, दोनों को 2 सेकंड कम कर दिया गया. एक सीन में जहां आरोपी का घर बुलडोजर से गिराया जा रहा है, सीबीएफसी ने उसे बदलने के लिए कहा गया. इसके अलावा उन्होंने तीन डायलॉग बदलने और एक शब्द म्यूट करने के लिए कहा गया.

## आंखों पर काला चश्मा और गले में रुद्राक्ष की माला, 'भूत बंगला' से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक



अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। यही कारण है कि फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है।

मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं। इस पर बैठे अक्षय कुमार भी मुंह फैलाए हुए हैं।

आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं। जबकि एक हाथ में वो माला जप भी रहे हैं। एक लुंगी या धोती जैसी पहने अक्षय कुमार शर्टलेस नजर आ रहे हैं। अक्षय का ये लुक किसी तांत्रिक से मिलता-जुलता मालूम पड़ता है।

इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने एक मजेदार कैप्शन भी दिया है। कैप्शन में लिखा गया, 'दस को देंगे दस्तक, इंतजार करो तब तक। मस्ती शुरू होने दो।' इसके साथ ही मेकर्स ने एक बार फिर से फिल्म की रिलीज डेट भी याद दिलाई है, जो 10 अप्रैल है।

प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में राजपाल यादव और मिथिला पालकर भी अहम किरदार निभाएंगे। मिथिला पालकर फिल्म में अक्षय की बहन के किरदार में नजर आएंगी। हालांकि, अभी तक फिल्म की कहानी और किरदारों के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

## वजन घटाने की कोशिश करने के बावजूद नहीं हो रहा फायदा? हो सकते हैं ये कारण

वजन घटाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते हैं, फिर भी उन्हें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता है। अगर आप भी वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं और आपको लगता है कि आप सही दिशा में काम कर रहे हैं, फिर भी कुछ खास नतीजे नहीं मिल रहे हैं तो आपकी असफलता की वजहें छिपी हुई हो सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ छिपी हुई वजहों के बारे में बताते हैं।



**पूरी नींद न लेना**

नींद पूरी न होने से वजन कम करने की कोशिशों में रुकावट आ सकती है। जब आप पर्याप्त नींद नहीं लेते तो आपका शरीर हार्मोनल गड़बड़ी का शिकार हो सकता है, जिससे भूख और खाने की इच्छा बढ़ जाती है। इसके अलावा नींद पूरी न होने से शरीर की ऊर्जा खर्च करने की क्षमता कम हो जाती है। इससे वजन घटाने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है।

**ज्यादा तनाव लेना**

अगर आप रोजाना किसी न किसी कारण से तनाव लेते हैं तो यह भी वजन घटाने की प्रक्रिया में रुकावट डाल सकता है। तनाव के कारण शरीर में कुछ हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे भूख और खाने की इच्छा बढ़ जाती है। इसके अलावा तनाव से शरीर में चर्बी जमा होने की प्रवृत्ति भी बढ़ जाती है, जिससे वजन घटाने की प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

**पानी की कमी**

शरीर में पानी की कमी भी वजन घटाने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। अगर आप रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी रहे हैं तो आपको वजन घटाने में दिक्कत आ सकती है। पानी की कमी से शरीर की ऊर्जा खर्च करने की क्षमता कम हो जाती है। इसके अलावा पानी की कमी से शरीर में गंदगी बाहर निकालने की क्षमता भी कम हो जाती है।

## ईशा मालवीय की डेब्यू फिल्म इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज, प्यार-पागलपन और जुनून की दिखी झलक; 6 मार्च को रिलीज होगी मूवी



भारतीय अभिनेत्री, मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म इश्कां दे लेखे का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। अभिनेत्री रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। इश्कां दे लेखे का ट्रेलर स्पीड रिकॉर्ड्स, पैनोरमा स्टूडियोज और डायमंडस्टार वर्ल्डवाइड यूट्यूब चैनलों ने आपस में कोलैबोरेशन के तहत अपलोड किया है, जिनके चैनलों पर कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन सब्सक्राइबर हैं।

चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी इश्कां दे लेखे का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।

प्रतिभाशाली मनवीर बरार द्वारा निर्देशित, इश्कां दे लेखे बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है। लेख और सुर्खी भिंडी जैसी लगातार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने के बाद गुरनाम भुल्लर एक और उत्कृष्ट कृति के साथ वापसी कर रहे हैं और यह फिल्म किसी जादू से कम नहीं है। यह नई पंजाबी फिल्म प्यार की कहानी है और पंजाबी सिनेमा की सदाबहार क्लासिक बनने के लिए तैयार है।

ट्रेलर की शुरुआत एक यूनिवर्सिटी की बेल से होती है, जिसके बाद गुरनाम भुल्लर का सीन दिखाया जाता है और एक दमदार पंजाबी रोमांटिक डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, जदो प्यार हद से गुजर जाए, उने मोहब्बत कहते हैं। जदो मोहब्बत हद से गुजर जाए, उनो पागलपन कहते हैं। पर जदो पागलपन हद से गुजर जाए, तो...

इसके बाद ट्रेलर में एक रोमांटिक पंजाबी गाना सुनने को मिलता है और सीन में ईशा मालवीय परीक्षा हॉल में बैठी नजर आ रही है। मूवी में अभिनेत्री (जसनीत) का किरदार निभा रही हैं। इसके बाद आगे ट्रेलर में एक और डायलॉग सुनने को मिलता है, जिसमें कहा जाता है, कई बार कुड़िया दा पहला प्यार, बहुतों ने प्यार कर चुके होते हैं।

ट्रेलर में एक के बाद एक कई बेहतरीन डायलॉग सुनने को मिलते हैं और यह एक डायलॉग के साथ समाप्त भी होता है, जहां कहा जाता है, जे रब सानु प्यार करने वाले ने पागल बना सकता है, तो क्या प्यार करने वाले रब नू थोड़ा सा पागल नहीं बना सकते हैं क्या? ट्रेलर में ईशा मालवीय और गुरनाम भुल्लर की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है।

# जापान की रणनीति : 2031 तक ताइवान के निकट द्वीप को बनाएगा मिसाइल बेस, चीन से तनाव बढ़ना तय



टोक्यो (ए.) । जापानी रक्षा मंत्री ने कहा है कि उनका देश पांच साल के अंदर ताइवान के पास एक छोटे से द्वीप पर मिसाइलें तैनात कर देगा। इस कदम से चीन के साथ तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। जापानी न्यूज एजेंसी क्योदो ने बताया कि शिंजिरो कोइजुमी ने कहा कि जमीन-से-हवा में वार करने वाली मिसाइलें, जो एयरक्राफ्ट और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराने में सक्षम हैं, मार्च 2031 तक योनागुनी (जापान के सबसे पश्चिमी आइलैंड) पर तैनात कर दी जाएंगी। कोइजुमी ने रिपोर्टर्स से कहा, यह कार्य की प्रगति पर निर्भर करता है, लेकिन हम साल 2030 के लिए योजना बना रहे हैं, और उन्होंने पहली बार तैनाती के शेड्यूल पर विस्तृत जानकारी दी। कोइजुमी ने यह ऐलान जापान की प्रधानमंत्री, साने ताकाइची, के ताइवान की सिक्योरिटी को लेकर टोक्यो और बीजिंग के बीच लगभग ठप पड़े राजनियक रिश्तों के बीच किया है। ताकाइची ने पिछले साल सांसदों से कहा था कि अगर ताइवान को लेकर संघर्ष जापान के लिए खतरा बनता है, तो ताइवान पर चीन के हमले में उनका देश अपनी रक्षा के वास्ते ठोस कदम उठाएगा। इसके बाद चीन ने काफी सख्त रवैया अपनाया था। उन्होंने ताकाइची से अपने स्टैंड से पलटने की सिफारिश की थी। लेकिन जापानी पीएम अपनी बात पर अड़ी रहीं। इस वजह से चीन ने अपने नागरिकों से जापान न जाने की अपील की।

साथ ही, जापान की कंपनियों के डुअल यूज एक्सपोर्ट पर रोक लगा दी। बीजिंग ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उस पर किसी भी तरह के बयान को चीन विरोधी बताता रहा है। जापान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने 2022 में दूर के पश्चिमी द्वीपों पर सुरक्षा को मजबूत करने के प्लान की घोषणा की थी। साथ ही, उसने अपना फोकस उत्तर में रूस से खतरों से हटाकर ईस्ट चाइना सी में चीनी सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने पर कर दिया है।

योनागुनी, जहां पहले से ही एक एसडीएफ (जापान की सेल्फ डिफेंस फोर्सेस) फैसिलिटी है, ताइवान से 100 किमी दूर है, और वहां के लोगों को डर है कि वे जल्द ही सैन्य टकराव में फंस सकते हैं। कोइजुमी नवंबर में द्वीप पर गए थे।

## डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने का दावा किया

वाशिंगटन (ए.) । अमेरिका को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने का डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है। उन्होंने घोषणा की कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने आठ युद्धों को समाप्त करने का दावा किया।



ट्रंप ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर नाम के अपने इस असाधारण अभियान का जिक्र करते हुए कांग्रेस को बताया कि अमेरिकी सेना ने ईरान की धरती पर हमले के जरिए ईरान के परमाणु हथियार कार्यक्रम को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि दशकों से अमेरिका की नीति रही है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने आगे कहा कि मेरी प्राथमिकता इस समस्या को कूटनीति के माध्यम से हल करना है, लेकिन एक बात निश्चित है; मैं दुनिया के सबसे बड़े आतंकवादी प्रायोजक को कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दूंगा। ट्रंप ने इस अभियान को व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि इसे शक्ति के बल पर शांति कहा जाता है, और साथ ही यह भी कहा कि अमेरिका इस वर्ष अकेले अमेरिकी सशस्त्र बलों में रिकॉर्ड एक ट्रिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

न्यूयॉर्क(ए.) । अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध रूप से रहने वालों को व्यावसायिक ड्राइवर लाइसेंस देने के खिलाफ एक संघीय कानून बनाने का आह्वान किया है, जिसमें उन्होंने भारत से आए एक अवैध प्रवासी से जुड़ी एक दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें एक बच्ची घायल हो गई थी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस से एक कानून पारित करने का आह्वान करता हूं जिसे हम डेलिला लॉ कहेंगे, जो किसी भी राज्य को अवैध अप्रवासियों को व्यावसायिक चालक लाइसेंस जारी करने से रोकेगा। ये बातें उन्होंने बुधवार (भारतीय समय) को कांग्रेस को दिए अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में कहीं। वह बच्ची, डेलिला कोलमैन, जिसके नाम पर वह इस कानून का नाम रखना चाहते हैं, वो सार्वजनिक दीर्घा में मौजूद थी। जब ट्रंप ने उसे बोलने के लिए बुलाया तो सबने खड़े होकर तालियां बजाई और उसके पिता, मार्कस कोलमैन ने उसे गोद में उठा लिया।

ट्रंप ने अवैध अप्रवासन के खिलाफ बोलते हुए डेलिला के मामले का जिक्र किया, जिसके लिए उन्होंने अपने पूर्ववर्ती, जो बाइडेन को दोषी ठहराया और अवैध प्रवासियों से जुड़े कई मामलों का जिक्र किया। उन्होंने डेलिला के मामले में चालक या उसके देश का नाम नहीं लिया। केवल इतना कहा कि चालक एक अवैध अप्रवासी था जिसे जो बाइडेन ने प्रवेश दिया था और कैलिफोर्निया के खुले सीमा नीति समर्थकों द्वारा उसे कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया था।

बता दें कि प्रताप सिंह अक्तूबर 2022 में मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में दाखिल हुआ था। उनकी पहचान गृह सुरक्षा विभाग ने दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक के रूप में की थी। ट्रंप ने कहा कि दुर्घटना के बाद, डॉक्टरों ने कहा था कि डेलिला कभी चल-फिर या बोल नहीं पाएगी, उसका जीवन सामान्य नहीं होगा, वह दोबारा खाना भी नहीं खा पाएगी।

उन्होंने उसे प्रेरणा बताया और कहा कि वह ठीक हो गई है। अब पहली कक्षा में है और चलना सीख रही है। ट्रंप ने कहा कि अधिकांश अवैध अप्रवासी अंग्रेजी नहीं बोलते और दिशा, गति, खतरे या स्थान जैसे बुनियादी सड़क संकेतों को भी नहीं पढ़ सकते। गृह सुरक्षा विभाग के अनुसार, यह दुर्घटना जून 2024 में कैलिफोर्निया में हुई थी, जब प्रताप सिंह कथित तौर पर 18 पहियों वाला ट्रक तेज गति से चला रहा था। प्रताप सिंह ट्रक को कंस्ट्रक्शन इलाके में रोक नहीं पाया था। जिससे कई वाहनों की टक्कर हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

## अमेरिकी सैनिक टॉयलेट रोककर करेंगे जंग! क्या यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड जाएगा वापस?

**-ईरान से तनाव के बीच ट्रंप के सामने खड़ी हुई समस्या यूएसएस जहाज के कई टॉयलेट बंद**

वाशिंगटन,(ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं।



ईरान ने दशकों में पहली बार इस इलाके में अपनी सबसे बड़ी सैन्य ताकत झोंक दी है। जवाब में अमेरिका ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अपने सबसे शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को मोर्चे पर लगा दिया है, लेकिन इस 13 बिलियन डॉल्र की लागत वाले जहाज के अंदर एक गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जहाज के 650 टॉयलेट में से ज्यादातर काम करना बंद कर चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूएस ने इस इलाके में यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को भी तैनात किया है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर माना जाता है, लेकिन इन सबके बीच यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड पर विदेश में तैनात नाविकों को एक अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है जो है टॉयलेट संकट। यह एयरक्राफ्ट कैरियर पिछले साल जून से समुद्र में है। इसने जनवरी में वेनेजुएला के पूर्व प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन फोर्ड की तैनाती को और बढ़ाने के अमेरिकी प्रेसिडेंट के फैसले ने इसके लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

# पाकिस्तान : आत्मघाती हमले का असर, केपी-पंजाब के बीच यातायात ठप



पेशावर (ए.) । पाकिस्तानी सेना और पुलिस को निशाना बनाकर पिछले कुछ दिनों से हमले तेज हो गए हैं। मंगलवार को अलग-अलग हमलों में करीब 7 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि देर शाम पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में एक सुरक्षा चौकी पर हुए आत्मघाती हमले ने भी पुलिसकर्मियों की जान ले ली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इसके बाद से ही केपी-पंजाब के बीच आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। रमजान के महीने में आवाजाही को लेकर पाबंदी से दुकानदार काफी परेशान हैं। प्रमुख दैनिक डॉन के अनुसार, हमला देर रात पंजाब के भक्कर जिले में डेरा दरिया खान पुल के पास दाजिल चेकपोस्ट पर हुआ। आत्मघाती हमले के बाद खैबर पख्तूनख्वा को पंजाब से जोड़ने वाला मुख्य हाईवे बुधवार को भी बंद रहा। इससे अंतर-प्रांतीय सीमा के दोनों ओर आने-जाने वालों और व्यापारियों को मुश्किल हुई। यह हमला मंगलवार शाम करीब 7 बजे हुआ जब एक आत्मघाती हमलावर ने डेरा इस्माइल खान को पंजाब से जोड़ने वाले पुल से थोड़ी दूरी पर बने चेकपोस्ट के पास खुद को उड़ा दिया। सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर हमलावर को ब्लास्ट करने से पहले पोस्ट के पास आते हुए दिखाया गया है। हमले के बाद, डीआई खान और भक्कर दोनों जिलों में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर कर दी गई। पंजाब पुलिस ने एहतियात के तौर पर डेरा दरिया खान पुल के पास सड़क को सील कर दिया और सभी ट्रैफिक रोक दिया, जबकि आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस रूट के लगातार बंद रहने से यात्रियों और ट्रांसपोर्टरों को काफी परेशानी हुई है। गाड़ियां घंटों तक फंसी रहीं, और यात्रियों को ज्यादा खर्च करके दूसरे रास्ते ढूंढने पड़े। यह रुकावट तब आई जब कुछ दिन पहले ही पीटीआई के विरोध प्रदर्शनों की वजह से यही रूट कई दिनों तक ब्लॉक रहा था, जिससे पहले ही सामान और लोगों की आवाजाही पर असर पड़ा था।

डीआई खान के व्यापारियों ने कहा कि बार-बार बंद होने से पंजाब, खासकर लाहौर और दूसरे बड़े कमर्शियल सेंटरों से सप्लाई लाइनें बाधित हुई हैं। मरकजी अंजुमन-ए-ताजिरान के प्रेसिडेंट, सोहेल अहमद आजमी ने डॉन से कहा कि ट्रैफिक के लंबे समय तक बंद रहने से बिजनेस कम्युनिटी की मुश्किलें बढ़ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि रमजा चल रहा है और ईदुल फितर नजदीक है, ऐसे में पंजाब से सामान के ट्रांसपोर्ट में और देरी से पैसे का नुकसान हो सकता है और लोकल मार्केट में कमी हो सकती है।

## रुस-यक्रेन युद्ध वाले प्रस्ताव पर भारत-अमेरिका-चीन ने वोटिंग से बनाई दूरी

कीव,(ए.)। संयुक्त राष्ट्र में रूस से युद्ध पर यूक्रेन ने एक अहम प्रस्ताव पेश किया। मंगलवार को इस प्रस्ताव पर वोटिंग हुई लेकिन दुनिया दो हिस्सों में बंट गई। यूक्रेन का मकसद युद्धविराम पर सपोर्ट लेना था, लेकिन भारत संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस-यूक्रेन युद्ध वाले प्रस्ताव पर हुए वोटिंग में शामिल नहीं हुआ। भारत वाली कतार में अमेरिका और चीन भी खड़ा था यानी इन देशों ने भी इस वोटिंग से खुद को दूर रखा। दरअसल यूक्रेन के इस प्रस्ताव में पूरी तरह और बिना शर्त युद्धविराम की मांग की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस प्रस्ताव को यूएन में 24 फरवरी को रूस-यूक्रेन युद्ध के चार साल पूरे होने पर पेश किया गया था। रूस-यूक्रेन युद्ध पर शांति वाले प्रस्ताव को 193 सदस्यों वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में से 107 देशों का साथ मिला। इस प्रस्ताव के पक्ष में 107 देशों ने वोट किया। 12 देश इसके खिलाफ रहे, जबकि 51 देशों ने वोट नहीं दिया जिन देशों ने वोटिंग से खुद को दूर रखा, उसमें भारत, अमेरिका और चीन शामिल थे।

# खेल समाचार

## महिला टी-20 विश्व कप 2026: 12 जून से शुरु होगा टूर्नामेंट, भारत-पाकिस्तान मुकाबला 14 जून को

नईदिल्ली, (ए.) । महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड की मेजबानी में होने जा रहा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने इसके शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसकी शुरुआत 12 जून से होगी और कुल 33 मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर से अपनी जगह बनाई है। पहला मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में होगा।

भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ एजबेस्टन में खेलेगी। इसके बाद टीम 17 जून को नीदरलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ हेडिंग्ले में दूसरा मुकाबला खेलेगी। तीसरा मैच 21 जून को दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में होगा। चौथा मुकाबला 25 जून को बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम से इसी मैदान पर खेला जाएगा। वहीं, ग्रुप चरण का आखिरी मैच 28 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ होगा।

सभी 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड की टीम है। ग्रुप-2 में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम है। ये टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। पिछला टी-20 विश्व कप साल 2024 में खेला गया था, फाइनल में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला द ओवल के मैदान पर 30 जून को खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला 2 जुलाई को द ओवल के ही मैदान पर होगा। फाइनल मैच 5 जुलाई को लॉर्डस क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट के दूसरे दिन (13 जून) 3 मुकाबले होंगे। 2 मैच ओल्ड ट्रैफर्ड और 1 मैच हैम्पशायर में खेला जाएगा। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया ने 6 बार ये ट्रॉफी जीती है।

## टी-20 विश्व कप 2026: साहिबजादा फरहान ने इंग्लैंड के खिलाफ लगाया अर्धशतक, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली, (ए.) । टी-20 विश्व कप 2026 के 45वें मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच में अर्धशतक (63) लगाया। यह उनका मौजूदा संस्करण में दूसरा अर्धशतक साबित हुआ। उनकी इस पारी की मदद से पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों के बाद 164/9 का स्कोर बनाया। आइए फरहान की पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने सैम अयूब (7) और सलमान आगा (5) जल्दी आउट हुए। इसके बाद फरहान ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 37 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 45 गेंदों में 63 रन बनाकर जेमी ओवरटन की गेंद पर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 2 छक्के लगाए। इस बीच फरहान ने फखर जमान के साथ मिलकर 49 रन की साझेदारी की। फरहान टी-20 विश्व कप 2026 में फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 5 पारियों में 70.75 की औसत और 158.10 की स्ट्राइक रेट के साथ 283 रन बनाए हैं। उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज 250 रन का आंकड़ा नहीं छू सका है।

# ब्रूक के शतक की बदौलत इंग्लैंड पहुंचा सेमीफाइनल में, पाकिस्तान को 2 विकेट से दी मात

नईदिल्ली (ए.) । कप्तान हैरी ब्रूक के शानदार शतक की बदौलत इंग्लैंड ने 165 रनों के लक्ष्य को 8 विकेट खोकर 20वें ओवर में चेस कर लिया. जिसके साथ वो सुपर 8 के ग्रुप टू से टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई.

वहीं इस हार की वजह से पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता मुश्किल हो गया है और उसे अब दूसरे मैचों के नतीजों पर निर्भर होना पड़ेगा. क्योंकि अब उसका आखिरी सुपर 8 मैच श्रीलंका के खिलाफ है. जिसको जीतना होगा और फिर उसे न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के मैच के नतीजों का इंतजार करना होगा.

पल्लेकेले में खेले गए मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 164 रन बनाए. जिसमें साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 63 रन बनाए. इसके अलावा बाबर आजम 25, फखर जमान 25 और शादाब खान ने 23 रन बनाए. इंग्लैंड की तरफ से लियाम डॉसन सबसे सफल गेंदबाज रहे उन्होंने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए. इसके अलावा जोफ्रा आर्चर और जेमी ओवर्टन को 2-2 विकेट मिला.



वहीं 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत काफी खराब रही और उसने 58 पर ही अपने 4 बड़े विकेट खो दिए. लेकिन नंबर तीन पर पहली बार बल्लेबाजी करने आए कप्तान हैरी ब्रूक ने 51 गेंदों नें शानदार 100 रन बनाकर पाकिस्तान से मैच छीन लिया. उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और 4 छक्के लगाए. जिसकी वजह से उनको प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड भी दिया गया.

हैरी ब्रूक के अलावा सैम करन ने 16 और विल जैक्स ने 28 रनों की पारी खेली. इन तीनों खिलाड़ियों को अलावा कोई भी इंग्लिश बल्लेबाजी दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका. पाकिस्तान की तरफ से शाहीन अफरीदी सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 4 ओवर में 31 रन देकर 4 विकेट लिए. वहीं नवाज और तारिक को 2-2 विकेट मिला.

## टी20 वर्ल्ड कप: वेस्टइंडीज की बड़ी जीत, बदल गया भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने का समीकरण







नईदिल्ली,(ए.) । टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत का सुपर 8 कैंपेन शुरू में ही मुश्किलों में फंस गया है. जिससे आने वाले मैचों में उनके पास गलतियां करने की कोई गुंजाइश नहीं बची है.

रविवार को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से 76 रन की करारी हार ने उन्हें ग्रुप 1 में बैकफुट पर धकेल दिया है. जिससे वो उनका सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता कठिन हो गया. जब भारत उस झटके से उबर रहा था, तब वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे पर 107 रन की शानदार जीत के साथ भारत पर आगे बढ़ने का रास्ता और कठिन बना दिया.

वेस्टइंडीज की बड़ी जीत ने ग्रुप वन के स्टैंडिंग को बदल दिया. क्योंकि अब वेस्टइंडीज टॉप पर पहुंच गया, साउथ अफ्रीका दूसरे नंबर पर आ गया और भारत तीसरे नंबर पर खिसक गया. और इस दौरान उनके नेट रन रेट को भी बड़ा झटका लगा.

भारत के अब सुपर 8 स्टेज में दो मैच बाकी हैं और उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दोनों मैच जीतने के साथ साथ दूसरी टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा. तो आइए समझते है कि भारत के सेमीफाइनल में पहुंचने का सीधा और सिंपल समीकरण क्या है?

अपने बचे हुए दोनों मैच वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे पर जीत से इंडिया के कुल चार पॉइंट्स हो जाएंगे. अगर साउथ अफ्रीका अपने बाकी बचे मैच भी जीत जाता है, तो फिर भारत और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगी. ये सबसे सीधा और सिंपल समीकरण है.

अगर साउथ अफ्रीका अपने दोनों मैच हार जाता है, तो फिर इंडिया और वेस्ट इंडीज आगे बढ़ जाएंगे.

अगर साउथ अफ्रीका अपने दो मैच में से एक मैच हार जाता है, तो फिर तीन टीमों के चार पॉइंट्स हो जाएंगे, जिससे क्वालिफिकेशन नेट रन रेट पर आ जाएगा. तो फिर जिसका रन रेट अच्छा होगा वो आगे बढ़ जाएगा.

भारत अगर अपना एक भी मैच हारता है तो फिर उसका कैंपेन खत्म हो जाएगा, चाहे ग्रुप में दूसरे नतीजे कुछ भी हों.

इंडिया की सेमीफाइनल की उम्मीदें अब सिर्फ नतीजों पर ही नहीं, बल्कि नेट रन रेट को बेहतर बनाने पर भी टिकी हैं, जो पहले ही काफी कम हो चुका है. भारत अगला सुपर 8 मैच जिम्बाब्वे से 26 फरवरी को है जबकि उनका आखिरी सुपर 8 मैच 1 मार्च को वेस्टइंडीज से है.

## पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त

नईदिल्ली(ए.) । ब्रिस्बेन,25 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने पहले वनडे मैच में भारतीय महिला टीम को 6 विकेट से मात दे दी है. 215 रन के छोटे से टारगेट को हासिल करके ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली. भारत के 214 रन पर आउट करने के बाद, मेजबान टीम ने कप्तान एलिसा हीली 50 और बेथ मूनी 76 के अर्धशतकों की मदद से आसानी से जीत हासिल कर ली.




पहले बैटिंग करने उतरी भारत को शुरुआती ओवर में ही झटका लगा जब मेगन शुट्ट ने प्रतिका रावल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, और इसके तुरंत बाद शैफाली वर्मा के आउट होने से शुरुआती दबाव और बढ़ गया. स्मृति मंधाना ने मुश्किल दौर का सामना किया, कुछ मुश्किल पलों से गुजरने के बाद उन्होंने 58 रन बनाकर पारी को संभाला. इसके अलावा कप्तान ने हरमनप्रीत ने 53 और गौतम ने 43 रनों की पारी खेली. जिससे टीम का स्कोर 214 तक पहुंच सका. भारतीय टीम ने पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी और 48.3 ओवर में ही ऑलआउट होगी.

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एश्ले गार्डनर सबसे सफल गेंदबाज रहीं उन्होंने 7 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए. इसके अलावा मेगन शुट्ट ने 9 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट ली.

215 रनों के जवाब में, हेली और फोएबे लिचफील्ड ने एक मजबूत नींव रखी. इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े, और पॉजिटिव स्ट्रोक्स के साथ इंडिया की नई गेंद के खतरे का सामना किया. हेली ने शानदार ड्राइविंग की और स्ट्राइक रोटेट करते हुए 69 गेंदों में 50 रन बनाए. भारत ने थोड़ी देर के लिए वापसी की जब लेफ्ट आर्म स्पिनर श्री चरणी ने जल्दी-जल्दी दो विकेट लिए, लिचफील्ड और जॉर्जिया वोल को आउट करके चेज में थोड़ी अनिश्चितता पैदा कर दी.

# खाद्यान्य, रेशम के बाद अब 'सफेद सोना' से चमकेगी नर्मदांचल के किसानों की किशमत

## >>> मखाने की खेती से मालामाल होंगे माखन नगर व नर्मदांचल के अन्नदाता





बलराम शर्मा
'दैनिक क्षितिज किरण एक्सक्लुसिव'

माखन नगर। नर्मदापुरम। खाद्यान्य व रेशम के उत्पादन में नर्मदांचल का नाम देश में अव्वल हो चुका है। अब मप्र में सिर्फ नर्मदापुरम जिले में मखाने की खेती का प्रयोग शुरू हो गया है। जिसे देखने के लिए प्रदेश के छिंदवाड़ा, सिवनी छपारा, बालाघाट, रायसेन नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों के सैंकडों की संख्या में किसानों के समूह आए। मखाने की खेती का प्रयोग माखन नगर क्षेत्र के मप्र के प्रसिद्ध एमपी एग्रो कृषि फार्म में शुरू हो चुका है। देश में मखाने की खेती के लिए प्रसिद्ध बिहार से आए किसानों ने भी नर्मदांचल तथा अन्य जिलों से आए किसानों को मखाने की खेती के गुर सिखाए। इस मौके पर किसानों के साथ ही कृषि वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे। दो दिवयीय आयोजन का बुधवार को समापन हुआ जिसमें उद्यानिकी विभाग के द्वारा सेमीनार में भागीदारी करने वाले किसानों व सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

### एमपी एग्रो के खेत में बिहार के किसानों ने बताए खेती के तरीके

मिशन प्रबंधन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत उद्यानिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत उद्यानिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन एम पी एग्रो फार्म माखननगर में किया गया। जिसमें प्रदेश के अनेक जिलों से आए लगभग सात सौ कृषकों का दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार एवं आकर्षक पुष्प प्रदर्शनी लगाई गई। आयोजन के दूसरे दिन प्रदेश के अनेक जिलों से आए किसानों को मखाने की खेती का प्रदर्शन कराया गया। एमपी एग्रो के अलावा भी माखन नगर के अनेक खेतों में माखने की खेती की जा रही है। एमपी एग्रो के जिस खेत में मखाने की खेती की जा रही है वहां पर बिहार से आए किसानों ने मखाने की खेती के तरीके किसानों को बताए।

### जिले में जल की कमी नहीं

जिले में नर्मदा तवा सहित अनेक नदियां होने के साथ तवा बांध व जमीनी जल स्तर ठीक ठाक रहने से जल की कमी नहीं है। इसलिए यहां पर मखाने की खेती होना संभव है। क्योंकि मखाने की खेती के लिए खेत में तलाब जैसा आकार देना आवश्यक होता है।

### परंपरागत खेती से हटकर कुछ नवाचार जरूरी

प्रकृति ने उपहार के रूप में भरपूर पानी प्रदान किया है जिससे जिले की उर्वरा भूमि में खाद्यान्य तिलहन, दलहन के बाद रेशम का भी भरपूर उत्पादन हो चुका है। सब्जी व फल भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। यहां के किसान रेत में खेत बनाकर डंगरबाडी तैयार करते हैं। जिससे लाखों रूपयों की कमाई होती है। इसके अलावा फूलों की खेती भी कई किसान करने लगे हैं। इस तरह परंपरागत खेती से हटकर खेती में नवाचार की आवश्यता है। मखाने की खेती नवाचार ही है। इसमें यदि सफल होते हैं तो नर्मदांचल के किसान जल्दी ही मालामाल होंगे।

### मखाने की फसल 10 महीने में तैयार होती है : रीता उईके

उद्यानिकी विभाग की उप संचालक रीता उइके ने बताया कि हमने कुछ माह पूर्व जिले के किसानों के समूह को मखाने की खेती के संबंध में बिहार पहुंचाया था। वहां से देखने के बाद अनेक किसान प्रभावित हुए जिन्होंने मखाने की खेती करना शुरू कर दी है। एमपी एग्रो के खेत में भी विभाग की ओर से मखाने की खेती शुरू की गई है। जिसे देखने के लिए अनेक जिलों से किसान आए हैं। दो दिवसीय आयोजन का समापन हो गया है।

मखाना की खेती तालाब या औसतन तीन फीट पानी भरे खेत में होती है। नवंबर महीने में इसकी नर्सरी डाली जाती है और चार महीने बाद इसकी रोपाई की जाती है रोपाई के लगभग 6 महीने बाद पौधों में फूल लगने लगते है। अक्टूबर तक कटाई शुरू हो जाती है। नर्सरी डालने से लेकर कटाई तक कुल 10 महीने का समय लगता है। कार्यक्रम में शामिल जिला पंचायत कृषि समिति के सभापति व प्रतिष्ठित किसान उमेश यादव ने कहा कि मखाने की खेती से नर्मदांचल के किसानों को अच्छा लाभ मिलेगा।

# नर्मदापुरम के नवनिर्मित श्री चित्रगुप्त मंदिर में भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न

## धूमधाम व भक्ति भाव के साथ हुई आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्राण प्रतिष्ठा





नर्मदापुरम(निप्र)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम द्वारा नर्मदापुरम के कोठीबाजार स्थित नवनिर्मित श्री चित्रगुप्त मंदिर में विद्वान पंडित सुनील चौरे युवराज दत्त तिवारी रूपेश शर्मा जय शर्मा के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार और भव्य उत्सव के बीच आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ। जिससे संपूर्ण नर्मदापुरम क्षेत्र मुख्य अनुष्ठान कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव मुकेश श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव की देखरेख में एवं यजमान पवन सक्सेना लता सक्सेना के द्वारा सम्पन्न हुआ।

**भक्तगण जय श्री चित्रगुप्त के नारों के साथ झूम उठे।**

मंदिर में सहयोग देने वाले एसके श्रीवास्तव आर्किटेक्ट शरद श्रीवास्तव का समाज के द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सभापति निर्मला हंस राय भोपाल से पधारे समाज के गौरव दैनिक क्षितिज किरण के डायरेक्टर विलक्षण सक्सेना पूर्व पार्षद तेज कुमार गौर इस समारोह में रहे। कार्यक्रम में प्रांतीय सचिव राजीव खरे ज्योत्सना खरे सुरेश सक्सेना बृजेश श्रीवास्तव गणेश श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव राजेश कुलश्रेष्ठ अशोक श्रीवास्तव मीनाक्षी निगम दिनेश श्रीवास्तव विजय प्रकाश श्रीवास्तव जयवाला निगम भानु प्रकाश श्रीवास्तव अजय निगम कमलेश सक्सेना डॉ हंसा व्यास, सजेंद्र श्रीवास्तव अनुज श्रीवास्तव बलराम श्रीवास्तव संतोष श्रीवास्तव देवेंद्र श्रीवास्तव बृजेश श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव आलोक श्रीवास्तव सुरेन्द्र वर्मा आलोक कुलश्रेष्ठ रविंद्र श्रीवास्तव मुकेश कानूनगो राधेश्याम श्रीवास्तव शिवहरि वर्मा साहिल सक्सेना सुधीर राय सीमा कुलश्रेष्ठ रश्मि कुलश्रेष्ठ निधि श्रीवास्तव कल्पना श्रीवास्तव अतुल श्रीवास्तव सपना श्रीवास्तव मृदुला वर्मा विजय श्री निगम माया वर्मा सविता श्रीवास्तव मीरा श्रीवास्तव सोनिया श्रीवास्तव कीर्ति श्रीवास्तव रक्षा श्रीवास्तव प्रीति सक्सेना सीए संजय श्रीवास्तव राहुल राय आशीष श्रीवास्तव संजय सक्सेना सुलेखा श्रीवास्तव सौरभ सक्सेना रुचि सक्सेना प्रतिभा श्रीवास्तव रमा श्रीवास्तव रंजिता श्रीवास्तव संध्या निगम विजया श्रीवास्तव ख्याति सक्सेना प्रतिभा खरे जयश्री श्रीवास्तव अंजू सक्सेना करिश्मा श्रीवास्तव अनूप श्रीवास्तव एसिवनी मालवा से कायस्थ महासभा के जिला उपाध्यक्ष उमेश गोंड दीपक गोंड निलेश श्रीवास्तव रामशंकर दुबे रामायण मंडल बलराम श्रीवास्तव शिव सुल्लेरे श्रीकांता उमेश शर्मा प्रिय वर्मा खुशबू श्रव्य गीतांजलि गोड डा गौरव वर्मा डा कामिनी वर्मा आदिऔर सैकड़ों की संख्या में सामाजिक एवं आसपास के भक्त मौजूद थे।

पूजन अर्चन हवन के बाद आरती व प्रसाद वितरण और विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भंडारा अनुजा श्रीवास्तव के सौजन्य से किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन किया गया। प्रांतीय सचिव राजीव खरे ने बताया कि आरती करो कार्यक्रम के अंतर्गत नित्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी की आरती होगी एवं विद्वान पंडित द्वारा प्रत्येक गुरुवार 8 बजे सामुहिक आरती होंगी। आज से इसकी शुरुआत होगी।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदापुरम में भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर द्वारा जिला प्रशासन नर्मदापुरम के सहयोग से बुधवार को पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों को उद्यमिता, वित्तीय सहायता, ई-कॉमर्स, शासकीय योजनाओं, कौशल विकास, मार्केटिंग, लोन प्रोसेस संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

## श्री दादागुरु जी की नर्मदा सेवा यात्रा 27 फरवरी नर्मदापुरम में

नर्मदापुरम(निप्र)। रेवा पथ के महायोगी 6 वर्षों से अखण्ड निराहारी अवधूत श्री दादागुरु जी की नर्मदा सेवा यात्रा 27 फरवरी शुक्रवार की शाम को नर्मदापुरम में प्रवेश कर रही है।

नर्मदापुरम की संस्कृति में सेवा और सत्कार रचा बसा है। और हमारा परम सौभाग्य है कि दादागुरु के सानिध्य में चल रहे लगभग 2500 ( ढाई हजार) परिक्रमावासी नगर में प्रवेश कर रहे हैं। जो रात्रि विश्राम श्री दादाकुटी में करेंगे। यात्रा मार्ग पर नगरवासियों द्वारा कई स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा । इस अवसर पर श्री दादाकुटी में श्रद्धेय दादागुरु के आशीष वचनों के साथ महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया है।

# मिशन प्रबंधन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत

## उद्यानिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार एवं पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ




नर्मदापुरम (निप्र)। एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDIH) योजना के घटक मिशन प्रबंधन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत लगभग सात सौ कृषकों का उद्यानिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन एम पी एग्रो फार्म माखननगर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद दर्शनसिंह चौधरी ने किया। कार्यक्रम में म.प्र. तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, अजीत मण्डलोई सभापति जिला कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत नर्मदापुरम, श्रीमति सावित्री बाई परनामे जनपद अध्यक्ष माखननगर, निखलेश चतुर्वेदी, योगेन्द्र सिंह राजपुत, विपिन यादव, कुवर सिंह यादव, मनीष चतुर्वेदी, आदि जनप्रतिनिधी गण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उप संचालक उद्यान श्रीमती रीता उइके द्वारा जिले में संचालित विभागीय योजनाओं सब्जी, मसाला, पुष्प, फल, मखाना, माईक्रो स्टीगेशन, PMFME आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला स्तरीय सेमीनार के प्रथम दिवस सेमीनार में मखाना की खेती, हाईटेक हार्टिकल्चर, जैविक खेती, पॉली हाउस में सब्जी/फूल उत्पादन, प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र छिंदवाड़ा के आर एल राउत, कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा के वैज्ञानिक डॉ. विजय अग्रवाल, जिला रिसोर्स पर्सन सुमन्त निवारे, सुश्री विजयालक्ष्मी ने कृषकों को जानकारी दी। सांसद श्री चौधरी ने सृष्टि हार्टिकल्चर के बागवानी से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया और उपस्थित कृषकों को खेती से संबंधित शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी कृषकों को उद्यानिकी विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से संबोधित किया। एम पी एग्रो में मखाना प्रदर्शन प्लाट, उद्यानिकी विभाग के स्टाल, पुष्प प्रदर्शनी सृष्टि हार्टिकल्चर, आजीविका मिशन, माईक्रो इरीगेशन अंतर्गत विभिन्न संस्थाओ, [illegible] के उत्पादो के स्टाल कार्यक्रम में लगाये गये जिनका अतिथिगणो एवं कृषको द्वारा अवलोकन किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम संचालन श्रीमति आरती चौरे, के के रघुवंशी एवं सुश्री विजयालक्ष्मी बलवर्डे के द्वारा किया गया।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई

नर्मदापुरम(निप्र)। बुधवार 25 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के दिशा-निर्देशन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन ने की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत, डीएचओ डॉ. सृजन सेंगर, सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कामले, डॉ. सुनीता नागेश, आरएमओ गजेंद्र यादव, जिला परियोजना अधिकारी ललित डेहरिया, जिला मीडिया प्रभारी श्री सुनील साहू, डीपीएम सुश्री कविता भोई सहित समस्त सीबीएमओ, बीएमओ, सीडीपीओ, बीईई, बीपीएम तथा स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक 27 फरवरी को

नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 27 फरवरी 2026 शुक्रवार को प्रात: 11:00 बजे कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा राजस्व एवं दांडिक प्रकरणों एवं राजस्व के न्यायालयीन प्रकरणों, नजूल लीज नवीनीकरण के प्रकरणों में दर्ज निराकरण, वन ग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन की कार्यवाही (सीमांकन), नगरेत्तर सर्वे (77 चकबंदी अपूर्ण ग्राम) में सर्वे प्रक्रिया, एस टी आर से वन विस्थापन उपरांत अधिकार अभिलेख की कार्यवाही, नक्शा पाइलेट प्रोजेक्ट की प्रगति, स्वामित्व योजना, फार्मर रजिस्ट्री, पी. एम. किसान ई-केवायसी, एन.पी.सी.आई., राजस्व वसूली, एन.डी.एम.आइ.एस. / राहत प्रकरणों, सी.एम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी, समय-सीमा बाह्य प्रकरणों की स्थिति, आयुक्त टी.एल. के लंबित प्रकरण, भू-अर्जन प्रकरणों, उच्च न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, वन व्यवस्थापन की जानकारी, अर्द्ध न्यायिक प्राधिकारियों द्वारा विधि अनुसार कार्यवाही करने संबंधी प्रशिक्षण, भूमि आवंटन के समस्त प्रकरण ऑनलाईन (आरसीएमएस) के माध्यम से राजस्व विभाग को भेजे जाने तथा समस्त न्यायालयीन प्रकरणों हेतु ई-फाईलिंग 3.0 साफटवेयर के उपयोग की प्रगति की स्थिति, जिला अंतर्गत पटवारियों के लंबित एरियर, वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन, संगणनाओ के मानदेय, स्वामित्व योजना के मानदेय, समयमान वेतनमान, एनपीएस कटौत्रा समय पर वेतन भुगतान, एयीस्टेक भत्ता इत्यादि की स्थिति तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की जाएगी।

## नर्मदापुरम संभाग के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

नर्मदापुरम(निप्र)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य पात्रता परीक्षा-2025 का आयोजन 1 मार्च 2026 को एक सत्र में दोपहर 12:00 से 03:00 बजे तक जिला मुख्यालय के 11 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा की प्रक्रियात्मक, निष्पक्षता और नागरिकों में उसके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए प्रो0 (डॉ) बिपिन बिहारी ब्यौहार, पूर्व अध्यक्ष, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को नर्मदापुरम संभाग के संभागीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

## सोहागपुर विधायक की अनुशंसा पर 11 निर्माण कार्यो हेतु 15 लाख 90 हजार 669 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

नर्मदापुरम(निप्र)। सोहागपुर विधायक विजय पाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से माखननगर में 11 निर्माण कार्यो के लिए 15 लाख 90 हजार 669 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम्

क्रमांक/स्टोर शाखा/2025-26/1509 दिनांक 18/02/2026

### ई-निविदा आमंत्रण

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम् के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में ऑक्सीजन से संबंधित रख रखव कार्य पाईपलाईन कि मरम्मत एवं विस्तार हेतू ऑन लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार निविदा से संबंधित सम्पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन (www.mptenders.gov.in) के माध्यम से राशि प्रति निविदा 500/- रूपये जमा कर प्राप्त करें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय की भण्डार शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

दूरभाष क्रमांक 07574-250113
ऑन लाईन निविदा क्र.:-1509

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म प्राप्त करने की तिथि | 23/02/2026 10:00 बजे से 09/03/2026 18:00 बजे तक |
| निविदा खुलने से पूर्व बैठक की तिथि | 26/02/2026 14:00 बजे |
| कार्यालयीन दिवस एवं समय में | |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 27/02/2026 10:00 बजे से 09/03/2026 18:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खुलने की तिथि | 10/03/2026 11:00 बजे |
| वित्तीय निविदा खुलने की तिथि | Deeide Ofter Technical Bid Opening |
| स्थान:- | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम् |

डॉ. नरसिंह गेहलोत
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
नर्मदापुरम्
दूरभाष 07574-252464

जी/26423/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यात्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष ( 07141 ) कार्यालय 238320, Email- eephedbet@mp.nic.in

// निविदा आमंत्रण सूचना //

कमांक 348 / लेखा/का.यं./ लोस्वायांवि. खंड/बैतूल / दिनांक 16.02.2026

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत (आधे अधूरे छोडे गये कार्यों को पूर्ण करने संबंधी) ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाईप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी निर्माण एवं सम्पवेल निर्माण, राईजिंगमेन, जल वितरण नलिका, सबमर्सिबल मोटरपंप की स्थापना एवं इत्यादि संबंधी सामग्री एवं लेबर सहित कार्य हेतु निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| स. क्र | निविदा सूचना कमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई टेण्डरआई.डी | कार्य का विवरण | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में ) | धरोहर राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | निविदा आमंत्रण सूचना | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 86/2025-26/ Dt.16.02.2025 | 2026-PHED 482873-1 | बैतूल जिले के विभिन्नविकास खण्डों के वभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत (आधे अधूरे छोड़ गये कार्यों को पूर्ण करने संबंधी) ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाईप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी निर्माण एवं सम्पवेल निर्माण, राईजिंगमेन, जल वितरण नलिका, सबमर्सिबल मोटरपंप की स्थापना एवं इत्यादि संबंधी सामग्री एवं लेबर सहित कार्य | 165.19 | 165190 | 12500 | 45 दिवस | प्रथम | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ऑनलाइन निविदा विक्रय की प्रारंभिक तिथि व समय | :- | 16.02.2026 | 11.00 | बजे से |
| ऑनलाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि व समय | :- | 28.02.2026 | 17.30 | बजे तक |
| ऑनलाइन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय | :- | 02.03.2026 | 11.00 | बजे से |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (online system)ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर जारी किये जायेगें।

जी/26380/25

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल ( म.प्र. )

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com